

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

RNI No. CHHHIN/2009/35020

दैनिक हिन्दी

◆ वर्षः -14 ◆ अंकः 218 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, शुक्रवार 17 जून 2022





पेज -3 पर एलसीआईटी कालेज के अंकित सिंह और प्रियांशु बंजारा का चयन ...

स्वामी आत्मानन्द स्कूल में मनाया गया प्रवेश उत्सव पेज -8 पर



JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in


## फर्जी नियुक्ती पत्र देने वाला बीजेपी पार्षद गिरफ्तार:कांस्टेबल बनाने के लिए युवक से लिए 8 लाख रुपए

बिलासपुर। बिलासपुर पुलिस ने 8 लाख रुपए लेकर फर्जी नियुक्ति पत्र देने के मामले में भाजपा पार्षद रेणुका नगपुरे, नगर निगम कर्मचारी और पुलिस के ही एक कांस्टेबल को गिरफ्तार कर लिया है।

इस मामले में पुलिस ने नौकरी लगाने के नाम पर ठगी के शिकार हुए पीड़ित युवक को भी आरोपी बना दिया है। युवक ने पुलिस विभाग में नौकरी पाने के लिए आठ लाख रुपए दिए थे। रुपए के एवज में नगर निगम कर्मी, क्ख्क्क पार्षद और आरक्षक ने मिलकर उसे फर्जी नियुक्ति आदेश दिया था। जब युवक आदेश लेकर स्क्क ऑफिस पहुंचा, तब फर्जी नियुक्ति का खुलासा हुआ। अब पुलिस ने रुपए देने वाले पीड़ित के साथ ही नगर निगम कर्मी, पार्षद और आरक्षक को गिरफ्तार किया



है। जानकारी के अनुसार कोटा के करगीरोड निवासी पीयूष प्रजापति (28 साल) पिता भोलाराम पोस्टग्रेजुएट है और गांव में खेती किसानी करता है। साल भर पहले उसकी पहचान यदुनंदन नगर निवासी भोजराज नायडू (58 साल) से हुई। तब उसने अपनी बेरोजगारी और नौकरी के लिए बात की थी। भोजराज, नगर निगम में कार्यरत है। उसने तोरवा, हेमुनगर निवासी भाजपा पार्षद रेणुका प्रसाद नगपुरे से जान पहचान होने और उसकी नौकरी लगाने का दावा किया। इसके बाद उसे पार्षद से मिलाया। रेणुका ने उसे बताया कि पुलिस विभाग में उसकी नौकरी लग जाएगी। इसके एवज में उसे रुपए खर्च करना पड़ेगा। वह सरकारी नौकरी पाने की लालच में आकर रुपए देने के लिए तैयार हो गया। इसके बाद भोजराम और रेणुका नगपुरे ने उसे आरक्षक पंकज शुक्ला से मिलाया और आठ लाख रुपए में सौदा तय किया। पीयूष प्रजापति ने जनवरी 2020 में नौकरी पाने के लिए रुपए दिए थे। इसके बाद से वह निगम कर्मी, पार्षद और आरक्षक का चक्कर काट रहा था। इस दौरान उसे भरोसा दिलाया जाता रहा कि उसकी नौकरी लग जाएगी और शीघ्र ही उसे नियुक्ति आदेश भी मिल जाएगा। दो दिन पहले पीयूष प्रजापति को नियुक्ति आदेश दिया गया, जिसमें स्क्क के हस्ताक्षर थे। नियुक्ति आदेश लेकर वह स्थापना शाखा में पहुंचा, वहां पता चला कि वह आदेश फर्जी है। सिविल लाइन ञ्जढ्ढ परिवेश तिवारी ने बताया कि स्क्कऑफिस के स्थापना शाखा प्रभारी ने शिकायत की है कि फर्जी नियुक्ति आदेश लेकर पीयूष प्रजापति नाम का युवक आया था।

### एक नजर

## छत्तीसगढ़ डेंटल कॉलेज की छात्रा ने फांसी लगाई



**राजनांदगांव।** राजनांदगांव स्थित छत्तीसगढ़ डेंटल कॉलेज की एक छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसका शव गुरुवार को उसके ही कमरे में पंखे से लटका हुआ मिला है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है। हालांकि उसे अभी सार्वजनिक नहीं किया जा रहा। पुलिस बोली मामला जांच में है। इसके बाद ही कुछ बता सकेंगे। मामला कोतवाली क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, रायपुर के पंडरी निवासी वंदिता उपाध्याय (25) राजनांदगांव स्थित छत्तीसगढ़ डेंटल कॉलेज में फाइनल ईयर की छात्रा थी। वह वहीं लकड़ी टाल, रायपुर नाका में एक पीजी में रह रही थी। वंदिता के कमरे का दरवाजा रात से ही बंद था। पहले किसी ने ध्यान नहीं दिया, पर जब वह सुबह काफी देर बाद भी बाहर नहीं निकली तो आसपास के लोगों ने खिड़की से झांक कर देखा। अंदर वंदिता पंखे से रस्सी के सहारे लटकी हुई थी।

### राजभवन पर कांग्रेस का हल्ला बोल

## ईडी की कार्रवाई और मुख्यालय में लाठीचार्ज के विरोध में प्रदर्शन, राज्यपाल के सचिव को ज्ञापन

**रायपुर।** कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से प्रवर्तन निदेशालय ङ्क श्वष्ठ की पूछताछ पर कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में भी तीखी प्रतिक्रिया दी है। दिल्ली कांग्रेस मुख्यालय में घुसकर नेताओं-पत्रकारों के साथ मारपीट और घसीटकर निकालने के एक दिन बाद रायपुर में कांग्रेस ने राजभवन का घेराव कर दिया। राजभवन के मुख्य द्वार तक कांग्रेस प्रदर्शनकारियों की भीड़ को जाने से रोकने के लिए पुलिस के साथ धक्कामुक्की भी हुई है।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम की अगुवाई में प्रदेश कांग्रेस के तमाम नेता और विधायक गुरुवार सुबह 11 बजे रायपुर के डॉ. भीमराव आम्डबेकर चौक पर इकट्ठा हुए। वहां उन्होंने धरना दिया। इस दौरान नेताओं ने कहा, केंद्र सरकार कांग्रेस और विपक्ष को बदनाम करने और सवाल उठाने वाले नेताओं को तोड़ने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। राहुल गांधी भाजपा की हर चाल को बेनकाब कर रहे हैं। इसलिए वे उनकी आंखों में सबसे अधिक खटक रहे हैं। श्वष्ठ ने एक मनगढ़ंत केस में उनको उलझाने की कोशिश में है। कांग्रेस के कार्यकर्ता ऐसा नहीं होने देंगे।

एक घंटे तक धरना और भाषण के बाद कांग्रेस नेताओं ने डॉ. आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर राजभवन के लिए कूच किया। आम्बेडकर चौक से करीब 400 मीटर पैदल चलकर प्रदर्शनकारी राजभवन के बाहरी गेट तक पहुंच गए। यहां सुरक्षाकर्मियों ने गेट बंद कर दिया। पुलिस का कहना था, राजभवन के भीतर जाने वाले प्रमुख नेता ही भीतर आएं।



### दिल्ली में भी कांग्रेस के नेता प्रदर्शन में शामिल

**कांग्रेस नेताओं ने गुरुवार को दिल्ली में भी राजभवन घेराव की कोशिश की। दिल्ली पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक लिया। राज भवन तक पैदल निकले मुकुल वासनि शक्ति सिंह गोहिल, अविनाश पाण्डेय, हरिश चौधरी, अजय माकन, चन्दन यादव, अनिल चौधरी, सहित रायपुर विधायक विकास उपाध्याय भी उस प्रदर्शन में शामिल थे।**



### आज जिला और ब्लॉकों में प्रदर्शन

कांग्रेस ने 17 जून को जिला और ब्लॉक स्तर में प्रदर्शन की घोषणा की है। सभी सांसदों-विधायकों, पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को अपने क्षेत्र के प्रदर्शन में शामिल होने को कहा गया है। इस प्रदर्शन के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता जिला कलेक्टर के जरिए राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजेगी।

## 3 दोस्तों ने लड़के को अगवा किया फिर जमकर पीटा

### वीडियो वायरल; नाबालिगों पर केस दर्ज

बिलासपुर। छतीसगढ़ के बिलासपुर में एक वीडियो काफी तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो एक लड़के की पिटाई का है। नजर आ रहा है कि तीन लड़के मिलकर एक लड़के की बेरहमी से पिटाई कर रहे हैं।

वीडियो पर नजर पड़ने के बाद अब पुलिस कानूनी कार्रवाई में जुट गई है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि 16 साल के एक लड़के को उसके ही 3 दोस्तों ने चाकू दिखाकर पहले अगवा किया फिर उसे अपने साथ एक सुनसान जगह ले गए। यहां लाने के बाद लड़के की डंडे से पिटाई की गई है। इतना ही नहीं आरोपियों ने पिटाई का वीडियो भी बनाया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा



है। मारपीट की घटना 11 जून को हुई है और अब वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने पिटाई करने वाले नाबालिगों पर जुर्म दर्ज कर लिया है। पीड़ित लड़के के पिता ने इस मामले में थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। जिसके मुताबिक बीते 11 जून की रात 8 बजे उनका 16 वर्षीय बेटा घर आ रहा था, तो रास्ते में बाइक व स्कूटी पर सवार उसके 3 दोस्त उसे मिले। उन्होंने रितेश को रोककर अपने साथ चलने के लिए कहा। मना करने पर उसे चाकू दिखाकर जबरदस्ती बाइक पर बैठाकर ले गए। इसके बाद उसे वो एक सुनसान जगह पर ले गए थे और जान से मारने की धमकी देते हुए डंडे से उसकी पिटाई की गई थी।

## स्कूल खुलते ही 43 हजार सफाईकर्मियों का इस्तीफा

### कहा- सभी काम कराते हैं और देते हैं मात्र 2300 रुपए, नियमित भी नहीं कर रहे

**रायपुर।** रायपुर में करीब 43 हजार स्कूल सफाईकर्मियों ने अपना इस्तीफा दे दिया। प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आए सफाई कर्मचारी अपने साथियों का इस्तीफा लेकर आए। गुरुवार को विरोध रैली निकालकर कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से इस्तीफा दे दिया। जिला प्रशासन के अधिकारियों को ये इस्तीफे सौंप दिए गए।



गुरुवार को ही प्रदेश के हजारों स्कूल खुले। नया शैक्षणिक सत्र शुरू हुआ और इसी दिन सफाई कर्मचारियों ने काम छोड़ दिया। कर्मचारियों ने कहा कि उनसे स्कूल में हर तरह का काम करवाया जाता है। यहां तक की कई नक्सल प्रभावित गांवों में तो पढ़े लिखे सफाईकर्मचारी टीचर्स की गैर मौजूदगी में क्लास तक लेते हैं।

छत्तीसगढ़ अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ के लोकेश्वर साहू ने बताया कि हम रायपुर के धरना स्थल पर 118 दिनों से धरना दे रहे हैं। एक भी अधिकारी हमारी बात सुनने को नहीं आया। हमें नियमित करने का वादा किया गया था, मगर वादा पूरा नहीं किया गया। काम के बदले में हमें सिर्फ 2300 रुपए मिलते हैं। पिछले तीन महीनों से वेतन भी नहीं मिला है। ऐसे में महंगाई के जमाने में घर चलाना मुश्किल है। अब जब तक हमें नियमित नहीं किया जाता हम काम पर लौटने वाले नहीं हैं।

## नमक की बोरियों के नीचे छिपाकर ले जा रहे थे गांजा

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के रास्ते गांजा तस्करी का मामला लगातार फूट रहा है। जशपुर जिले की तपकरा पुलिस ने 50 लाख रुपये से अधिक कीमत के गांजे के साथ 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह गांजा ओडिशा से पिकअप में सरगुजा लाया जा रहा था। तस्कर पुलिस को चकमा देने नमक की बोरियों के नीचे गांजा को छिपाकर ला रहे थे। पुलिस ने पिकअप को ओडिशा एवं झारखंड की सीमा से लगे बेरियर के पास पकड़ा है। आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। आरोपियों को न्यायायल में पेश कर जेल भेज दिया गया है। एक दिन पहले भी पुलिस ने उत्तर प्रदेश के 3 तस्करों को पकड़ा था। तपकरा थाना प्रभारी एलआर चौहान ने बताया कि गुरुवार को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ओडिशा से पिकअप में गांजा भरकर अंबिकापुर की ओर ले जाया जा रहा है।

### केद्रीय मंत्री रेणुका सिंह का दावा-

## अफसर कबूलते हैं कि वो वसूली करके रुपए रायपुर भेजते हैं- मंत्री रेणुका

रायपुर। केन्द्रीय जनजाति विकास राज्यमंत्री रेणुका सिंह ने दावा किया कि प्रदेश के अफसर जनता से रुपयों की वसूली कर रहे हैं। ये बातें उन्होंने रायपुर में भाजपा की ओर से आयोजित गरीब कल्याण जनसभा में कहीं।

कार्यक्रम का आयोजन इंडोर स्टेडियम में किया गया था। उन्होंने कहा कि- हम प्रदेश के अलग-अलग जिलों में जाते हैं,अधिकारियों से मिलते हैं, वो तो खुद बताते हैं कि हम जनता से वसूली करते हैं। वो कहते हैं हम जनता से, ठेकेदारों से वसूली नहीं करेंगे तो कहां से रुपए रायपुर भेजेंगे।



कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह भी पहुंचे हुए थे। उन्होंने कहा- कोरबा में कोयला चोरी पर अधिकारियों का कोई नियंत्रण नहीं है। कोरबा को धनबाद बनाने की हरकत हो रही है। हमारे नेता ने ओपी चौधरी ने कोयला चोरी की बात बताई तो उसपर स्नढ्ढक्रकर दी गई। राजनांदगांव की विधायक चन्नी साहू के पति ने माफियाओं की शिकायत की तो उसके पति को जेल में डाल दिया गया। आने वाले चुनावों में हम मोदी सरकार और पूर्व की 15 सालों तक प्रदेश में रही भाजपा सरकार के उपलब्धियां लेकर लोगों के बीच जाएंगे।



### किल्लत.. 70प्रतिशत पंप में पेट्रोल-डीजल नहीं; जहां उपलब्ध, वहां आज खत्म हो जाएगा स्टॉक

## बस्तर के 7 जिलों में पेट्रोल-डीजल का संकट

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ के बस्तर में पिछले कुछ दिनों से पेट्रोल-डीजल की भारी किल्लत देखने को मिल रही है। जगदलपुर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर जैसे मुख्य शहरों में करीब 70त्न पेट्रोल पंप में ईंधन खत्म हो गया है।

यदि कुछ में है भी तो उसका स्टॉक आज रात तक खत्म होने जाएगा। यदि पंप में ईंधन नहीं पहुंचता है तो पेट्रोल-डीजल की कमी से लोगों की मुश्किलें और बढ़ जाएगी। इधर, दंतेवाड़ा के जिन पेट्रोल पंपों में पेट्रोल मिल रहा है वहां लिमिट तय कर दी गई है। ऐसे में लोग काफी परेशान हो रहे हैं। दरअसल, आरंग के इंडियन ऑयल डिपो और विशाखापट्टनम से बस्तर में पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति की जाती थी। अब विशाखापट्टनम से पेट्रोल-डीजल नहीं आ रहा है। आरंग के इंडियन ऑयल डिपो से पेट्रोल मंगवाया जा रहा है लेकिन वह भी पर्याप्त नहीं हो रहा है। पेट्रोल पंप संचालकों ने कहा कि सामान्य दिनों में पेट्रोल की मांग पर ज्यादा से ज्यादा 5 से 6 दिन का समय लगता था और पेट्रोल-डीजल का स्टॉक आसानी से आ जाता था। अब हालात ऐसे हो गए हैं कि डीडी जमा करने के 15 दिन के बाद भी पेट्रोल नहीं मिल रहा है। कई पंप ड्राई आउट हो गए हैं।





### 70 प्रतिशत पेट्रोल पंप खाली

जगदलपुर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर समेत अन्य जिलों के करीब 70त्न पेट्रोल पंप ड्राई आउट हो चुके हैं। बस्तर जिले समेत जगदलपुर शहर में कुल 43 पेट्रोल पंप हैं, जिनमें 17 से 18 पेट्रोल पंप में ही पेट्रोल-डीजल का थोड़ा-बहुत स्टॉक बचा है। जहां पेट्रोल डीजल के लिए लोगों की लंबी लाइन लगी हुई है। जबकि बाकी के पेट्रोल पंप ड्राई आउट हो गए हैं। नारायणपुर जिले में भी इक्का-दुक्का पेट्रोल पंप में ही पेट्रोल है। इधर, दंतेवाड़ा में नेशनल हाईवे में गीदम शहर का पेट्रोल पंप ड्राई आउट हो गया है।

### पीएम किसान सम्मान निधि:2 करोड़ की ठगी

## 2 करोड़ की ठगी, 70 हजार पंजीयन फर्जी मिले

**देवभोग।** सॉफ्टवेयर में खामियों की वजह से ठगों ने पीएम किसान सम्मान निधि की आड़ में केंद्र सरकार के खजाने में सेंध मार दी। गरियाबंद में इस योजना के 70 हजार बोगस पंजीयन को कृषि विभाग ने ट्रेस कर लिया है, जिन्हें 2 करोड़ से ज्यादा का भुगतान भी हो चुका है। दरअसल राजस्व रिकॉर्ड के मुताबिक जिले में कुल 1 लाख 27 हजार किसान हैं, जिन्हें किसान किताब आबंटित है जबकि पीएम किसान सम्मान निधि योजना में 2 लाख 1455 किसानों का पंजीयन हुआ है। यानी 98755 बोगस किसान पीएम योजना के लिए कहां से आ गए, इसकी तलाश जरूरी है। सॉफ्टवेयर में दर्ज पते पर किसान भी नहीं मिले इसलिए वसूली भी नहीं हो सकती।योजना का लाभ लेने वाले इंकम टैक्सपेयी 659 किसानों से 45 लाख रुपए की अब वसूली की तैयारी है। उपसंचालक संदीप भोई ने बताया कि जिनके पते का मिलान हुआ है उनसे वसूली शुरू कर दी गई है। इंकम टैक्सपेयी किसान अपात्र थे, उनसे 45 लाख की वसूली होनी है। मामले में अन्य बोगस पंजीयन पर वसूली के लिए उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर मार्गदर्शन मांगा गया है। पीएम किसान सम्मान निधि की पंजीयन प्रक्रिया में ढील व खामियों के चलते बोगस पंजीयन खाते के जरिये निधि के 2 करोड़ से ज्यादा रुपए का चूना ठगों ने केंद्र सरकार को लगा दिया।



# स्पष्ट हो कि भर्ती हुए जवान का चार वर्ष बाद भविष्य क्या होगा, वरना शिगूफा बन जाएगी योजना

**कोरोना से उबरने के बाद रोजगार के मोर्चे पर एक बड़ी राहत भरी खबर आई है, कि केंद्र सरकार देश के बेरोजगार युवाओं को डेढ़ साल के भीतर 10 लाख नौकरियां देगी। सरकार के तमाम विभागों में हजारों पद खाली हैं, जो अब तेजी से भरे जाएंगे। किंतु जिस नौकरी ने सबका ध्यान आकर्षित किया है, वह है सेना के तीनों अंगों (जल, थल और वायुसेना) में 46,000 जवानों की अल्पकालिक भर्ती।**

सेना की इस भर्ती योजना को अग्निपथ नाम दिया गया है और इसमें संविदा के तहत अल्पकालिक सेवा अवधि के लिए जवानों की भर्ती होगी। देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने घोषणा की कि अग्निपथ योजना के तहत एक साल में साढ़े 17 से 21 वर्ष की उम्र के बीच के युवकों को सैन्य सेवा का अवसर मिलेगा। इन जवानों को अग्निवीर कहा जाएगा। सेना में इनकी सेवा अवधि महज चार साल की होगी।

इस दौरान उन्हें पहले वर्ष 30,000 रुपये मासिक वेतन मिलेगा, जो बढ़ते-बढ़ते चौथे वर्ष में चालीस हजार रुपये हो जाएंगे। इस सेवा से मुक्त होने पर उन्हें 11.71 लाख रुपये का एकमुश्त सेवा निधि पैकेज मिलेगा, जो टैक्स फ्री होगा। इस पैकेज के लिए जवानों के वेतन से हर महीने 30 प्रतिशत की कटौती होगी तथा इतनी ही राशि सरकार भी उनके खाते में डालेगी। लेकिन ये अग्निवीर ग्रेच्युटी और पेंशन के अधिकारी नहीं होंगे।

इन अग्निवीरों में महिला सैनिक भी होंगी। यह योजना निश्चय ही निम्न मध्य वित्तीय परिवार के बच्चों को अपनी तरफ खींचेगी। मगर चार वर्ष बाद उनका भविष्य क्या होगा, इसकी कोई स्पष्ट नीति सरकार ने नहीं घोषित की है। सैन्य विशेषज्ञ भी इसे लेकर चिंतित हैं और विरोधी दलों के लोग इसे मोदी सरकार की चुनावी रणनीति का शिगूफा बता रहे हैं।

रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल पीआर शंकर ने इसे 'किंडर गार्डेन' आर्मी बताया है, तो पूर्व सैन्य अधिकारी विनोद भाटिया के अनुसार, इससे समाज के सैन्यीकरण का खतरा है। इन दोनों की आशंकाएं निर्मूल नहीं हैं। संविदा के ये सैन्यकर्मी जब चार साल बाद सेवा मुक्त होंगे, तब करेंगे क्या! युवावस्था में नौकरी न होने की हताशा में शस्त्र संचालन में निपुण ये युवा अपराध की तरफ भी जा सकते हैं।



रोजगार का नया मार्ग अग्निपथ

> एनसीसी (नेशनल कैडेट कोर) के तहत सेकेंडरी और यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे विद्यार्थियों को सैन्य प्रशिक्षण दिया जाता है। गौरतलब है कि 1914 में पहले विश्वयुद्ध के समय युवाओं को सैन्य शिक्षा देने के लिए यूरोप के कई देशों में अनिवार्य सैनिक सेवा या प्रशिक्षण दिए जाने की शुरुआत हुई थी। आज भी सैन्य शिक्षा विश्व के 15 देशों में अनिवार्य है।

इसलिए पूर्व सैन्य अधिकारियों का मानना है कि इन अग्निवीरों के भविष्य को मजबूत करने की पूरी जिम्मेदारी सरकार को लेनी चाहिए। हालांकि रक्षामंत्री ने यह भी कहा है कि इनमें से 25 फीसदी को नियमित सेना में लिया जाएगा। लेकिन सिर्फ उन्हें जो हर तरह से फिट होंगे। शेष जवानों को शस्त्र संचालन के अलावा कुछ व्यावसायिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, ताकि इस शॉर्ट टर्म सेवा के बाद उन्हें नौकरी पाने या स्वरोजगार शुरू करने में कोई परेशानी न हो।

लेकिन हर चार साल बाद जिन 40 हजार युवाओं को सेना से मुक्त कर दिया जाएगा, क्या वे सभी नौकरी पा जाएंगे? इसीलिए कुछ रक्षा विशेषज्ञों ने ये सवाल भी उठाए हैं कि इस अल्प अवधि की संविदा के आधार पर नौकरी पाए इन जवानों को नियमित सेना से अलग कैसे माना जाएगा? और क्या यह कोई अनिवार्य सैन्य शिक्षा योजना है? यदि ऐसा है, तो पहले से ही मौजूद एनसीसी को क्यों नहीं फिर से सक्रिय किया गया।

एनसीसी (नेशनल कैडेट कोर) के तहत सेकेंडरी और यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे विद्यार्थियों को सैन्य प्रशिक्षण दिया जाता है। गौरतलब है कि 1914 में पहले विश्वयुद्ध के समय युवाओं को सैन्य शिक्षा देने के लिए यूरोप के कई देशों में अनिवार्य सैनिक सेवा या प्रशिक्षण दिए जाने की शुरुआत हुई थी। आज भी सैन्य शिक्षा विश्व के 15 देशों में अनिवार्य है। अपुष्ट सूचनाएं हैं कि चीन में भी यह ट्रेनिंग अनिवार्य है। किसी प्रभुसत्ता संपन्न राष्ट्र में सेना की भूमिका अहम होती है-बाहरी हमलों के समय और घरेलू संकट में भी। ऐसे में अनिवार्य सैन्य शिक्षा की अवहेलना नहीं की जा सकती। परंतु इसके लिए सरकार को अपनी नीति जनता के समक्ष स्पष्ट रखनी चाहिए।

शंभूनाथ शुक्ल

## संपादकीय

### नाम बदल की दास्तां

टर्की की सरकार ने अपने देश का ही नाम बदल दिया है। अपने देश में ये कहानी कुछ जानी-पहचानी मालूम पड़ेगी। लोगों को संभवत: यह महसूस होगा कि यहां जो हो रहा है, उस मामले में भारत अकेला नहीं है। टर्की के राष्ट्रपति रजिब तैयिब आर्दोआन ने देश का इस्लामीकरण अपने लिए जो जन समर्थन बनाया, वह अब दो दशक से अधिक समय से अटूट बना हुआ है। इस दौरान उनकी एक खास शैली देखने को मिली है। जब कभी देश किसी संकट में फंसता है, वे धर्म और परंपरा का ऐसा मुद्दा उछाल देते हैं, जो उनके समर्थकों को रोजमर्रा की समस्याओं से ध्यान हटाने के लिए काफी होता है। अब शायद संकट सबसे गंभीर है, तो उन्होंने देश का ही नाम बदल दिया। तो टर्की को अब तुर्किये नाम से जाना जाएगा। संयुक्त राष्ट्र के नाम परिवर्तन पर औपचारिक मुहर लगाने के बाद इस देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसी नाम से पुकारे जाने का रास्ता पिछले हफ्ते खुल गया। संयुक्त राष्ट्र की मंजूरी के बाद तुर्किये के विदेश मंत्री मेयलुत कावुसोगलू ने कहा कि 'इस परिवर्तन से हमारे देश का ब्रांड वैल्यू बढ़ेगा।' उधर राष्ट्रपति एर्दोआन ने कहा कि नए नाम से तुर्किये राष्ट्र की संस्कृति, सभ्यता, और उसूलों की बेहतर ढंग से अभिव्यक्ति होगी। बहरहाल, तुर्किये की राजनीति पर नजर रखने वाले विशेषज्ञों की राय है कि यह मजहबी राष्ट्रवादी मतदाताओं को लुभाने की एर्दोआन की एक और कोशिश है। अगले साल होने वाले चुनाव को देखते हुए नाम बदलने के समय को महत्त्वपूर्ण समझा गया है।

# पेड़ों के अवशेष, जगह-जगह बने गड्ढे.. न तो कभी विरोध थमता है, और न ही मेट्रो

*वर्ष 2008 में पहली मेट्रो लाइन की शुरुआत ने बंगलूरू को सतत बदलाव की स्थिति में ला दिया, जो कभी खत्म होता नहीं लगता है। हर लाइन जुड़ने के साथ जगहें और पहचान चिह्न गायब हो जाते हैं, तथा इसके चलते मलबे, कटे हुए पेड़ों के अवशेष एवं गड्ढे रह जाते हैं। न तो कभी विरोध थमता है, और न ही मेट्रो। कांच के भीतर से केवल बाहर और बाहर ही देखा जा सकता है।*

एक छोटे शहर से ताल्लुक रखने वाले अशोक पर्पल लाइन पर मेट्रो ट्रेन ऑपरेटर हैं। बंगलूरू के एमजी रोड पर अपनी पहली यात्रा को याद करते हुए वह कहते हैं, %मुझे लगा कि कोई चिड़िया शहर के ऊपर से सभी शानदार जगहों को देखते हुए उड़ रही है...यह काफी रोमांचक था। ट्रेन से शहर सुचारू ढंग से बढ़ता दिखता है, क्योंकि आप ट्रैफिक की यातायात के शोर, धूल और गंदगी के ऊपर से गुजरते हैं।

यात्रियों का दृश्य-पथ धुएं से धुंधले क्षितिज तक फैला हुआ है, जो ऊंची-ऊंची इमारतों से घिरा हुआ है और हर गुजरते दिन के साथ बढ़ता ही जाता है। इसके बावजूद कि घर से मेट्रो के बीच की कनेक्टिविटी खराब है, महिलाओं का कहना है कि वे सफर के लिए मेट्रो को पसंद करती हैं, क्योंकि यह स्वच्छ, सुरक्षित है और इसका उपयोग सभ्य लोगों द्वारा किया जाता है। सभ्य लोगों से उनका तात्पर्य अच्छी तरह से तैयार, व्यवस्थित मध्यम वर्गीय व्यक्ति है। अपनी पूरी दक्षता और आभा के साथ इस हाई-टेक ड्रीम मशीन मेट्रो ने हजारों लोगों के शहर में आवागमन को आसान बना दिया है, लेकिन यह कई अंतर्विरोधों से भरा है। ये अंतर्विरोध कभी-कभी कर्मचारियों की अचानक हड़ताल और तकनीकी गड़बड़ियों के रूप में सामने आते हैं।


स्वच्छ परिवहन की कीमत

> **आज बांदा ग्राउंड सबसे बड़ा गड्ढा है। रात के अंधेरे में यहां के निवासियों के घरों की दीवारें भूमिगत सुरंग के झटके से हिलने लगती हैं। लोगों के घरों में पीले निशान हैं, जो बताते हैं कि उन्हें ध्वस्त कर दिया जाएगा। किसी भी निवासी को पुनर्वास की किसी योजना की जानकारी नहीं है। जब स्टेशन बनेंगे, तो पता ही नहीं चलेगा कि वहां क्या था और क्या खो गया है।**

इसकी निर्बाध गतिविधि उन अनसुलझी लड़ाइयों पर निर्भर है, जो पर्यावरणविदों, भूमि गंवाने वालों और शहर के अन्य लोगों द्वारा वर्ष 2007 से सड़क पर और अदालतों में लड़ी जा रही हैं। हालांकि इनमें से अधिकांश लड़ाइयों ने ट्रेन को ज्यादा प्रभावित नहीं किया है, क्योंकि यह निर्बाध चलती है, पूरे शहर में नए मार्ग बनाती है और हर बढ़ते शहर के भीतरी इलाकों में अपनी जगह बनाती है।

इन पंक्तियों की लेखिका को दिए अपने एकमात्र इंटरव्यू में बंगलूरू मेट्रो कॉरपोरेशन के निदेशक ने यह स्पष्ट कर दिया कि मुझे अधिकारियों, कर्मचारियों या यात्रियों से इंटरव्यू नहीं लेने दिया जाएगा। इसलिए मैंने केवल गुपचुप बातचीत और गुप्त बैठकों के जरिये मेट्रो कर्मचारियों के जीवन के बारे में जानकारी प्राप्त की है, और किनारे रहकर मेट्रो की खुदाई के दौरान आवासीय जगहों और उसके आसपास को नष्ट होते देखा है। तीन साल पहले, निर्माणाधीन पिंक लाइन ने अपना मार्ग बदल दिया और 2.5 किमी से भी कम क्षेत्र में फैले तीन खेल मैदानों को निगल लिया। तीन घनी एवं निम्न आय वर्ग के लोगों की बस्तियों के लिए यही एकमात्र खुला सार्वजनिक स्थान था, जिसे स्टेशन बनाने के लिए ले लिया गया और इस तरह बच्चों एवं वयस्कों को इकट्ठा होने, खेलने, इबादत करने और जश्न मनाने के लिए जगह से वंचित कर दिया गया। आज बांदा ग्राउंड सबसे बड़ा गड्ढा है। रात के अंधेरे में यहां के निवासियों के घरों की दीवारें भूमिगत सुरंग के झटके से हिलने लगती हैं। लोगों के घरों में पीले निशान हैं, जो बताते हैं कि उन्हें ध्वस्त कर दिया जाएगा। किसी भी निवासी को पुनर्वास की किसी योजना की जानकारी नहीं है।

योगेश साहू

## मिला जुला

# सुकमा जिले में धूमधाम से मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

### सलवा जुडूम के दौरान नक्सल हिंसा से ध्वस्त 97 बंद पड़े स्कूल हुए पुनः प्रारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।





गर्मियों की छुट्टी के बाद अब स्कूलों में पुन: घंटियां बजेंगी। प्रदेश भर में नव आगंतुक छात्रों को गणवेश, पुस्तकें वितरण कर शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने निवास कार्यालय से वर्चुअल माध्यम से शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में जुड़े। इस दौरान उन्होंने सुकमा जिले में सलवा जुडूम के दौरान ध्वस्त, पुन: संचालित 97 स्कूलों के बच्चों को शाला प्रवेशोत्सव पर खूब बधाई दी। उन्होंने कक्षा पांचवी के छात्र वेको कोसा से चर्चा की और उसे खूब मन लगा कर पढ़ने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने छात्र के परिजन मड़कम मासा से वार्ता की, मड़कम मासा ने बताया की उन्हें स्कूलों के ध्वस्त होने पर बहुत दुख हुआ था। इससे गांव के सैकड़ों बच्चों का भविष्य अधर में चला गया था। उन्हे कोई उम्मीद नहीं थी की इन स्कूलों में फिर से बच्चों की हंसी गूंजेगी। लेकिन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर उन्हे भरोसा था। आज उनके गांव कारीगुंडम में पुन: शालाओं का संचालन हो रहा है, और बच्चे अपना भविष्य गढ़ रहे है। उन्होंने बंद पड़े शालाओं का पुन: संचालन प्रारंभ करने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उद्योग मंत्री कवासी लखमा एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

> ध्वस्त 97 स्कूलों का पुनः संचालन, बच्चे पढ़ रहे क, ख, ग.गढ़ रहे अपना भविष्य



सुकमा जिले में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम पूरे हर्षोलास के साथ मनाया गाय। यहां इस वर्ष शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम की खुशी दोगुनी रही। सलवा जुडूम के दौरान नक्सली हिंसा में ध्वस्त 97 स्कूलों, जिनका पुन: संचालन प्रारंभ हुआ, उनमें नव प्रवेशित छात्रों को गणवेश, पुस्तकें देकर स्वागत किया गया।

> *** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल वर्चुअल माध्यम से जुड़े**
> *** नव प्रवेशित छात्रों को प्रदान किए गए गणवेश, पुस्तकें, फूल माला पहनाकर किया स्वागत**

जिला स्तरीय कार्यक्रम स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, सुकमा में आयोजित हुआ। जहां अंदुरनी गांव में पुन: संचालित स्कूलों से भी छात्र एवं उनके परिजन पहुंचे थे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुकमा जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी, सुकमा नगरपालिका अध्यक्ष जगन्नाथ साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधियों सहित कलेक्टर विनीत नंदनवार, पुलिस अधीक्षक सुनील सुनील शर्मा ने नव प्रवेशित छात्रों को फूलमाला पहनाकर, मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया और बस्ता, गणवेश, एवं पुस्तकें प्रदान की।

# देश में बढ़ते हिंसक गतिविधिओं व धार्मिक उन्माद के खिलाफ बजरंगियों ने ज्ञापन सौंपा

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।




बस स्टैण्ड परिसर में बजरगदल व विश्वहिंदू परिसर के तत्वाधान मे प्रदर्शन कर एसडीएम को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौपते हुए सदस्य गणो ने कहा देश में बढ़ रही कट्टरता और हिंसा करने वालों पर कार्रवाही का अभाव है कट्टरपंथी योजनापूर्वक हिन्दुओं पर हमले किये जा रहे हैं। वर्ष प्रतिपदा एवं भगवान श्रीराम के प्रकटोत्सव श्रीराम नवमी पर देशभर में शोभायात्राओं पर पथराव और हमले किये गये। जिसके कारण अनेक स्थानों पर कर्फ्यू लगाना पड़ा और देशभर में तनाव की स्थिति बनी। कुछ स्थानों हिन्दू समाज ने धैर्य रखा जिसके कारण कोई बड़ी अनहोनी नहीं हुई बाद में पर श्री हनुमान जयंती की शोभायात्राओं पर भी पथराव हुआ। हिन्दू समाज अपने ही देश में अपने आराध्य देवों की शोभायात्रा नहीं निकाल पा रहा है। हिजाब विवाद के समय भी कर्नाटक में बजरंग दल कार्यकर्ता हर्षा की निर्मम हत्या की गयी। उस समय भी अनेक स्थानों पर हिन्दुओं पर हमले हुये थे। अभी हाल में बहन नुपुर शर्मा व नवीन जिन्दल के बयान को लेकर गत दो शुक्रवारों को जुम्मे की नमाज के बाद मस्जिदों से हमले किये गये, हिन्दू घरों, दुकानों, वाहनों को आग लगा दी गयी। शासकीय सम्पत्ति और मंदिरों को भी भारी मात्रा में नुकसान पहुंचाया गया। पुलिस बलों पर भी हमले हुये, अनेक लोगों को जान से मारने की धमकियां दे रही है। कानून को इन जेहादियों ने मजाक बना दिया हैं, बंगाल, केरल जैसे राज्यों की सरकारें तो मानों इन इस्लामी जेहादियों के साथ खड़ी नजर आ रही है। जबकि अनेक विधर्मियों द्वारा हिन्दू मानबिन्दुओं, देवी-देवताओं के बारे में अनर्गल प्रचार

किया जा रहा है। साम्प्रदायिक विद्वेश फैलाने वाले वक्तव्य दिये गये हैं फिर भी देश के प्रमुख मांग

समान्य लोगों को भड़काने वाले मुल्ला,मौलवीयों, अन्य मुस्लिम व सेक्युलर नेताओं की पहचान कर उन पर भी रासुका लगाकर जिलाबदर की कार्यवाही की जाये। देशभर में ऐसे जहरीले भाषण देने वालों को चिन्हित कर उन पर कार्यवाही की जाये। जिनको धमकियां दी जा रही है उनको सुरक्षा उपलब्ध करायी जाये व धमकी देने वालों पर भी कठोर कार्यवाही की जाये। जिन मस्जिदों/मदरसों से उन्मादी भीड़ निकली उनकी एनआईए से जांच करायी जाये। इस्लामिक जेहादी कट्टरता फैलाकर देश में हिंसा कराने वाले संगठन पापूलर फ्रं ट ऑफइंडिया, तबलीगी जमात जैसे कट्टरपंथी संगठनों पर अविलम्ब प्रतिबन्ध लगाया जाये। जिन स्थानों पर हिन्दू अल्प संख्यक हो गया है वहां पर उनकी सुरक्षा की व्यवस्था की जाये व अनिवार्य रूप से पुलिस चौकी स्थापित की जाये तथा वहां तैनात सुरक्षाकर्मियों को पर्याप्त सुविधायें एवं अधिकार दिये जाये। भारत का हिन्दू समाज आपसे अपेक्षा करता है कि उपरोक्त मांगों पर आप शीघ्र निर्णय लेकर सरकार को कठोर कार्यवाही करने का आदेश देंगे।

# अजय पींचा के हृदय रोगी होने की दलील विफल, अदालत ने खारिज की जमानत की अर्जी

### 9 जून से जेल में निरूध्द है कूटरचना का आरोपी

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

गरीब किसान की जमीन को कूटरचना कर बेचे जाने के मामले में जेल में निरूध्द सराफ । कारोबारी अजय पींचा की जमानत याचिका अतिरिक्त न्यायाधीश एफ टीसी योगिता विनय वासनिक ने खारिज कर दी। उल्लेखनीय है किए अजय पींचा का अमलीडीह के एक गरीब किसान गया सिंह निषाद की जमीन को फर्जी तरीके से कुछ लोगों से मिलकर लूटने का आरोप है। मामले मे खल्लारी थाने में भादवि की धारा 420,467,468,471,120 के तहत धोखाधड़ी का अपराध दर्ज है। इस मामले में बीते नौ दिन से अजय पींचा जेल में बंद है। अजय पींचा के अधिवक्ता ने इनके जमानत के लिये याचिका लगाई थी। जिसमें अजय पींचा को निर्दोष बताते हुये कहा गया किए जमीन विक्रय में उनके द्वारा कोई छल कपट या कूटरचना नहीं की गई थी। मामला सिविल प्रकृति का है। निराकरण में समय लगने की संभावना है। आवेदक स्थायी निवासी है। जमानत पर रिहा किये जाने पर उसके फरार होने या अभियोजन साक्ष्यों को प्रभावित किये जाने की संभावना नहीं है। याचिका में आवेदक को हृदय रोगी बताते हुये मेडिकल दस्तावेज प्रस्तुत कर बताया गया किए उन्हे बार-बार चिकित्सा की जरूरत पड़ती है। न्यायालय में आदेश पत्र में लिखा है किए जेल मेन्युअल के आधार पर उन्हें समुचित चिकित्सा उपलब्ध कराई जा सकती है। अभियुक्त अजय पींचा की ओर से तर्क दिया गया किए उनका विवाद सिविल प्रकृति का है। विभिन्न राजस्व एवं सिविल न्यायालय से संबंधित दस्तावेज भी पेश किये गये। आदेश पत्र में न्यायालय ने लिखा किएविवेचना जारी है।

# जन्मजात मोतियाबिंद के 5 बच्चों को नेत्र ज्योति प्रदान करने के लिए मेडिकल कॉलेज रायपुर भेजा गया

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जिले के विभिन्न विकासखण्डों से चिन्हांकित जन्मजात मोतियाबिंद के नेत्र रोग से ग्रसित 05 बच्चों को नेत्र ज्योति प्रदान करने हेतु डॉ. सीपी एक्का नेत्र सर्जन द्वारा परीक्षण कर एवं राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुभाष मिश्रा के मार्गदर्शन में मेडिकल कॉलेज रायपुर के लिए 108 संजीवनी एम्बुलेंस से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रंजीत टोप्पो द्वारा रवाना किया गया। जिसमें पत्थलगांव विकासखण्ड के ग्राम जामजुवानी के 5 वर्षीय अयुष लकड़ा, 06 वर्षीय अनुप लकड़ा, फरसाबहार विकासखण्ड के ग्राम सहसपुर निवासी 08 वर्षीय बंटी एक्का, कुनकुरी विकासखण्ड के ग्राम बेलसोंगा निवासी 12 वर्षीय रेशमा बाई तथा जशपुर विकासखण्ड के पुत्रीचौरा निवासी 11 वर्षीय नमन भगत शामिल हैं।

# किसानों को ऋण देने शिविर का किया जा रहा आयोजन

### समितियों में खाद बीज का भी किया जा रहा पर्याप्त भण्डारण

**कोरबा** । शासन के द्वारा धान के बदले अन्य फसल लेने वाले कृषकों को कृषि ऋण का सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है। धान के बदले अन्य फसल लेने वाले किसानों को अन्य फसलों हेतु खाद, बीज नगद में एवं कृषि सामग्री हेतु ऋण उपलब्ध कराया जा रहा हैं। किसानों को ऋण उपलब्ध कराने हेतु सहकारी समितियों में 18 जून तक शिविर आयोजित किए जायेंगे। ऐसे सभी किसानों को धान की फसल परिवर्तन करने पर ली जाने वाली अन्य फसलों जैसे कोदो ,उड़द, मूंग, अरहर के बीज समितियों के माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा है। कृषि विभाग के मैंदानी अधिकारियों के द्वारा लगातार किसानों से संपर्क कर उन्हें फसल परिवर्तन करने एवं अन्य फसलों हेतु कृषि ऋण दिलाने हेतु राजीव गांधी योजना का व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। शासन द्वारा धान के बदले अन्य फसलों को बढ़ावा देने के संबंध में जिले को 21 हजार 229 हेक्ट. का लक्ष्य प्रदाय किया गया है। जिले को प्रदाय लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए कृषि विभाग का मैंदानी अमला योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने में पूरी तरह से जुट गया है।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का किया शुभारंभ

नवप्रवेशी बच्चों का गुलाल,फूलमाला और स्कूल बैग देकर किया गया स्वागत, खुशी और उल्लास से पूर्ण स्कूलों में मनाया शाला प्रवेश उत्सव

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजधानी रायपुर में अपने निवास कार्यालय से राज्य स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का शुभारंभ किया। प्रदेश के सभी जिलों से जिला स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से स्कूली छात्र-छात्राएं इस वर्चुअल कार्यक्रम में शामिल हुए।



मुख्यमंत्री बघेल ने सभी बच्चों को नए शिक्षण सत्र में बेहतर पढ़ाई करने की शुभकामनाएं दी। उन्होंने स्कूलों में बच्चों को रचनात्मकता से पूर्ण बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदाय करने की बात कही। उन्होंने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं से नए शिक्षण सत्र के शुभारंभ, शाला प्रवेशोत्सव को सार्थक बनाते हुए नई ऊर्जा और नए संकल्प के साथ शिक्षादान के कार्य में पूरे समर्पण से जुट जाने को प्रेरित किया। कोरिया जिले में बैकुंठपुर के रामानुज हायर सेकंडरी स्कूल हॉल में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में संसदीय सचिव एवं बैकुंठपुर विधायक अम्बिका सिंहदेव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी, नगरपालिका बैकुंठपुर अध्यक्ष नविता शिवहरे, कलेक्टर कुलदीप शर्मा, सीईओ जिला पंचायत कुणाल दुदावत एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षकगण सहित स्कूली छात्र-छात्राएं एवं परिजन उपस्थित रहे।

### नवप्रवेशी बच्चों का गुलाल, फूलमाला और स्कूल बैग देकर किया गया स्वागत

जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्राथमिक और माध्यमिक शाला से नवप्रवेशी बच्चों का गुलाल, फूलमाला और स्कूल बैग देकर स्वागत किया गया। खुशी और उल्लास से भरे इस कार्यक्रम में बच्चे बेहद उत्साहित दिखे। बच्चों द्वारा स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी गयी।

### बच्चे हमारा भविष्य, उनकी बेहतर शिक्षा के लिए हर सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी-संसदीय सचिव एवं विधायक

संसदीय सचिव एवं बैकुंठपुर विधायक अम्बिका सिंहदेव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे हमारा भविष्य हैं। उन्हें बेहतर शिक्षा के लिए हर सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। उन्होंने छात्र-छात्राओं के परिजनों से बच्चों की शिक्षा में अपनी सक्रिय सहभागिता देने की बात कही।

### बच्चों में असीम क्षमता, इस क्षमता को उभारने का प्रयास करें-कलेक्टर

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर शर्मा ने कहा कि बच्चों में असीम क्षमता और प्रतिभा है। ज़रूरत है इस क्षमता को पहचानकर दिशा देने की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की पूरी टीम बच्चों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं देने का हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने परिजनों को भी बच्चों की शिक्षा पर पूरा ध्यान देने की अपील की।

### बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों का किया गया सम्मान

*कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों का मेडल एवं मोमेंटो प्रदाय कर सम्मानित किया गया। इस दौरान राज्य स्तर पर मेरिट में 10वां स्थान हासिल करने वाली अंजिला कुशवाहा, 10वीं में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली श्रद्धा भारद्वाज, 12 वीं में जिले में प्रथम स्थान रखने वाली दिशा सोनी और 12वीं के ही शुभम बेक शामिल रहे। कार्यक्रम में प्रतीकात्मक रूप से तीन छात्राओं रोशनी, असरिता और मनीषा को संसदीय सचिव व विधायक सिंहदेव एवं कलेक्टर शर्मा के हाथों साईकल वितरण किया गया।*

## एक नजर

### अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर ब्लेकमेलिंग की कोशिश पर जुर्म दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

आदर्श नगर बसना निवासी देशभानु गौतम पिता योगपाल की शिकायत पर मोबाईल फ ोन नं.9539023552,86 51015905, 7099791263 और 9874831864 धारक अज्ञात आरोपी के खिलाफ बसना पुलिस द्वारा भादवि की धारा 384,507 और 67;अ के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है। देशभानु गौतम के अनुसार विगत 8 जून से 15 जून के बीच उल्लेखित मोबाईल नंबरों पे धारक अज्ञात आरोपी द्वारा पैसे की मांग करते हुये धमकाया जा रहा था किए उसके आरोपी के पास उसका देशभानु का अश्लील फोटो है। अगर पैसे नहीं दिये तो वह देशभानु के परिवारजनों के मोबाईलों में अश्लील फोटो को वायरल कर देगा। देशभानु गौतम ने कल 15 जून की शाम को ही बसना पुलिस थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

### स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल सुकमा में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

बच्चों द्वारा दी गई सांस्कृतिक प्रस्तुति, कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में उत्कृष्ट परिणाम पाने वाले बच्चों का हुआ सम्मान

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।





जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम सुकमा जिला मुख्यालय स्थित स्वामीआत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी सहित जगन्नाथ साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर विनीत नंदनवार, पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा द्वारा नव प्रवेशित बच्चों को फूल माला पहनाकर, गणवेश, पुस्तकें प्रदान कर उनका स्वागत किया और उत्साहवर्धन किया। जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम बड़े ही धूम धाम से मनाया गाय। इसमें स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। जिसमे जुंबा एवं लोक नृत्य प्रस्तुत किए गए। इसके साथ ही कक्षा दसवीं में जिले भर में प्रथम स्थान पाने पर छात्र राहुल चांडक, एवं छात्रा वैभवी, तथा कक्षा बारहवीं की छात्रा दिव्या राठी को बोर्ड कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल तथा जिले का नाम रोशन करने पर ब्लेजर एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

# कलेक्टर ने एनीमिया मुक्त जशपुर अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए

किशोरी बालिकाओं एवं महिलाओं का हीमोग्लोबिन जांच एवं उपचार किया जाएगा अभियान दो * चरण में, प्रथम चरण 16 से 30 जून और द्वितीय चरण 01 से 10 जुलाई तक

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने विगत दिवस 16 जून को स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला बाल विकास विभाग की वर्चुअल बैठक लेकर जिले में किशोरी बालिकाओं और महिलाओं को एनीमिया मुक्त किये जाने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि अभियान दो चरणों में किया जाएगा। प्रथम चरण 16 जून से 30 जून एवं द्वितीय चरण 01 से 10 जुलाई से 2022 तक किया जा रहा है।

कलेक्टर ने अभियान के प्रथम चरण में 15 से 49 आयु वर्ग के बालिकाओं एवं महिलाओं का तथा माध्यमिक एवं हाई स्कूल में अध्ययनरत समस्त बालिकाओं का हीमोग्लोबिन जांच एवं उपचार करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही द्वितीय चरण में 01 जुलाई से 10 जुलाई 2022 तक 06 माह से लेकर 05 वर्ष आयु वर्ग के सभी बालक एवं बालिकाओं का हीमोग्लोबिन जांच करने के लिए कहा गया है। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग के अमला को सार्थक प्रयास करते हुए स्क्रीनिंग, उपचार, औषधि वितरण करने के भी निर्देश दिए हैं। साथ ही आदिवासी विकास एवं शिक्षा विभाग को स्कूलों एवं बालिका छात्रावास में सेनेटरी वेंडिंग मशीन एवं इंसिनिरेटर की व्यवस्था हेतु प्रस्ताव बनाकर देने के लिए कहा गया है। उन्होंने एनआरएलएम के अंतर्गत स्व सहायता समूह की महिलाओं को सेनेटरी नेपकिन बनाये जाने का प्रशिक्षण, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के लिये पूरक पोषण आहार की व्यवस्थाए पंचायत विभाग द्वारा एनीमिया एवं माहवारी स्वच्छता हेतु वृहद प्रचार प्रसार एवं मुनादी किये जाने हेतु निर्देश दिए गए है।

# संसदीय सचिव ने किया पाठ्यपुस्तकों के साथ गणवेश वितरण

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खट्टी में मनाया शाला प्रवेशोत्सव

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खट्टी में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। अध्यक्षता भारत स्काउट गाइड के जिलाध्यक्ष दाउलाल चंद्राकर ने की। विशेष के अतिथि के रूप में सरपंच दूजराम साहू, रेवाराम साहू, रामभरोसा साहू, रामशरण पटेल, मानिक साहू मौजूद थे।

पूजा अर्चना पश्चात मुख्य अतिथि संसदीय सचिव चंद्राकर ने शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में बच्चों को निष्ठापूर्वक पढ़ाई करने पर जोर देते हुए कहा कि इससे निश्चित रूप से लक्ष्य प्राप्त करने में सफलता मिलेगी। उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बेहतर भविष्य के लिए लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर उसे कड़ी मेहनत व अनुशासन के बल पर हासिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए 10वीं और 12वीं की परीक्षा में टॉप करने वाले विद्यार्थियों को हेलीकॉप्टर राइड कराई जाएगी। जिससे अन्य छात्र-छात्राएं भी प्रोत्साहित हो सकेंगे। शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। अंग्रेजी माध्यम वाले स्कूलों की तर्ज पर स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल खोलने का फैसला ऐतिहासिक है। इस दौरान मुख्य अतिथि चंद्राकर ने सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत बालिकाओं को नि:शुल्क साइकिल के साथ ही स्कूली बच्चों को नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकों व गणवेश का वितरण भी किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुनील शर्मा, मनोज यादव, प्राणसिंह ध्रुव, हमीद कुरैशी, सुभाष शर्मा, रहीम चौहान, रमेश शर्मा, पुष्पा ध्रुव, अशोक साहू, किसनू यादव, प्रेमलाल साहू, अशोक साहू आदि मौजूद थे।

# एलसीआईटी कालेज के अंकित सिंह और प्रियांशु बंजारा का चयन आल इंडिया यूनिवर्सिटी सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता में हुआ

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



एलसीआईटी कॉलेज ऑफ कामर्स एंड साइंस बोदरी बिलासपुर के सर्कल कबड्डी खिलाड़ी अंकित सिंह और प्रियांशु बंजारा का चयन बिलासपुर यूनिवर्सिटी बिलासपुर की सर्कल कबड्डी टीम में हुवा है इस संबंध में जानकारी देते महाविद्यालय क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया की बिलासपुर यूनिवर्सिटी बिलासपुर की मेजबानी में शासकीय ई राघवेंद्र रॉव साइंस महाविद्यालय खेल मैदान में आल इंडिया यूनिवर्सिटी सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 17 से 19 जून तक किया जाएगा इस प्रतियोगिता के लिए एलसीआईटी महाविद्यालय के दो होनहार सर्कल कबड्डी खिलाड़ी अंकित सिंह बीबी, प्रथम वर्ष का छात्र व प्रियांशु बंजारा बीकाम प्रथम वर्ष का छात्र का चयन बिलासपुर यूनिवर्सिटी बिलासपुर की सर्कल कबड्डी टीम में हुवा है इनका चयन बिलासपुर व कोरबा जिला के विभिन्न महाविद्यालय से आये खिलाड़ियों के मध्य चयन ट्रायल के आधार पर उनके खेल कौशल के आधार पर बिलासपुर यूनिवर्सिटी की टीम में रखा गया है दोनों खिलाड़ियों के चयन होने पर महाविद्यालय संस्था प्रमुख प्रमोद कुमार जैन, उपसंस्था प्रमुख अंकित जैन, महाविद्यालय निर्देशक डॉ. पीयूष कांत पांडेएटी एस चैयरमेन उपकार राय, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.अर्चना शुक्ला, उप प्राचार्य अभिनव पाल, इंजीनियरिंग विभाग प्राचार्य डॉ. श्रूति राठौर, उप प्राचार्य सुभी श्रीवास्तव, लॉ विभाग प्रमुख अभिनव प्रधान,साइंस विभाग प्रमुख अभिषेक केशरवानी, कामर्स विभाग प्रमुख आदिल डल्ला,कला विभाग प्रमुख उमेश पटनायक,शैलजा रेड्डी,नीरज सोनी व संजय आदि ने बधाई व शुभकामनाएं दी है।

# स्वच्छ, सुंदर, समृद्ध गांव के उद्देश्य के साथ ओड़गी पंचायत में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन की शुरुआत

*** संसदीय सचिव व विधायक अम्बिका सिंहदेव एवं कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया ई-रिक्शा रवाना**

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



स्वच्छ, सुंदर, समृद्ध गांव के उद्देश्य के साथ स्वच्छता दीदियों के द्वारा से ओड़गी ग्राम पंचायत में डोरटूडोर कचरा कलेक्शन की शुरुआत की जा रही है। इसके साथ ही ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु सेग्रिगेशन यूनिट भी शुरू की गई है। संसदीय सचिव व बैकुण्ठपुर विधायक अम्बिका सिंहदेव, कलेक्टर कुलदीप शर्मा तथा जिला पंचायत सीईओ कुणाल दुदावत ने आज स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत ग्राम पंचायत ओड़गी के पंचायत भवन कार्यालय परिसर में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु कचरा कलेक्शन के लिए चार ई-रिक्शा का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर किया। ई-रिक्शा के माध्यम से ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्वच्छता दीदियों द्वारा घर-घर जाकर कचरा कलेक्शन किया जाएगा।

संसदीय सचिव व बैकुण्ठपुर विधायक सिंहदेव ने स्वच्छता दीदियों को शुभकामनाएं दी और उन्हें बेहतर काम करने प्रोत्साहित किया। कलेक्टर शर्मा ने उपस्थित स्वच्छता दीदियों एवं ग्रामीणों को स्वयं के प्रयास से अपशिष्ट प्रबंधन करने के तरीकों की जानकारी दी। उन्होंने ग्राम पंचायत को स्वच्छ, सुंदर और समृद्ध बनाने के लिए घरों में डस्टबिन का उपयोग सुनिश्चित करने कहा जिससे स्वच्छता दीदियों को कचरा कलेक्शन में आसानी हो। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीणों को मवेशियों के बेहतर प्रबंधन और मवेशियों को गौठान भेजने की अपील की। कलेक्टर के आह्वान पर सभी ग्रामीणों ने गांव में स्वच्छता बनाये रखने की शपथ ली। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि तथा जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारियों सहित ग्रामीण मौजूद रहे।




## NURSING COLLEGE SUKMA

**Old Dist. Hospital Building Sukma ,Distt. Sukma (C.G.)**

Approved by Regulatory Council

Under Temporary Affiliation College to Pt. Deendayal Upadhyay Memorial Health Sciences & Ayush University of Chhattisgarh, Uparwara, Naya Raipur

**Application are invited for following posts under Statue -16**

| S.No | Name of the post | No. of Post | Qualification and Experience As per INC Norms |
|---|---|---|---|
| 01 | Principal cum Professor | 01 | Essential Qualification:- M.Sc. (N) Experience:- M.Sc. (N), Ph.D. (N) having total 15 years experience with M.Sc. (N) out of which 10 years after M.Sc. (N) in collegiate programme. Ph.D.(N) is desirable |
| 02 | Vice-Principal cum Professor | 01 | Essential Qualification:- M.Sc. (N) Experience:- M.Sc.(N) Total 12 years experience with M.Sc. (N) out of which 10 years teaching experience after M.Sc. (N) Ph.D. (N) is desirable. |
| 03 | AssociateProfessor/ Reader | 02 | Essential Qualification:- M.Sc. (N) Experience: Total 8 years experience with M.Sc.(N) including 5 years teaching experience Ph.D. (N) is desirable. |
| 04 | Assistant Professor/ Lecturer | 04 | Essential Qualification:- M.Sc. (N) Experience: M.Sc. (N) with total 3 years teaching experience Ph.D. (N) desirable |

**Other terms & conditions:-**

1. Experience : As per Council Norms
2. Pay Scale : As per State Govt. Pay Scale
3. Reservation : As per State Government Norms

**Selection criteria: :-** Selection will decide on merit. Merit list will be prepared on the basis of Academic marks, Educational Qualification, Interview, Experience and Academic contribution of candidate in various field like-

* Number of paper publications in various national / international journals.
* Paper presentation in conferences.
* Total No. of conferences attended.

**Last date of receipt of Application:-** Within 15 Days from the date of publication of advertisement.

**Note** - please contact us for more information.

Email- nursingcollegesukma@gmail.com
Landline - 07864284319
Mob - 6260199386, 9479229346
Address- nursing college sukma
Old dist- hospital building, near mini stadium ground sukma,
Dist - sukma , Chhattisgarh 494111

**Incharge Registrar**

# नांदघाट पुलिस की कार्यवाही, जबरदस्ती वसूली करने पर नाबालिग सहित तीन आरोपी धरदबोचे गये

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

प्रार्थी सत्येन्द्र निषाद ग्राम चन्द्रखुरी थाना सरगांव जिला मुंगेली ने थाना नांदघाट हाजिर आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 11 जून 2022 को अपने लडका के साथ अपने मोटर सायकल हीरो एचएफ डिलक्स क्रमांक सीजी 22 यू 9205 मे अपने ससुराल ग्राम तुलसी से वापस अपने घर ग्राम चन्दखुरी नेशनल हाईवे 130 रायपुर बिलासपुर मार्ग से आ रहा था कि रास्ते मे ग्राम टेमरी ओवर ब्रीज के आगे एक काला रंग का पल्सर वाहन क्रमांक सीजी 10 एबी 4689 में सवार अज्ञात चार व्यक्तियों द्वारा इसे धोखे में डालकर डरा कर भय दिखाने से कोई अनहोनी घटना घटने की डर से वह अपने जेब में रखे किपैड मोबाईल एवं नगदी रकम 2400 रूपये एवं अपने लडका के जेब में रखे टच स्क्रीन ओप्पो कंपनी का मोबाईल को उन व्यक्तियों को दिया चारो मेरे पैसा मोबाईल लेकर अपने मोटर सायकल से रायपुर की ओर भाग गये। कि रिपोर्ट पर थाना नांदघाट में अपराध सदर धारा 384, 34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह ने माल मुल्जिम पतासाजी हेतु आवश्यक निर्देश दिये। जिसके तहत अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं अति. पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन के मार्गदर्शन में थाना नांदघाट प्रभारी निरीक्षक संतोषी ग्रेस एवं थाना स्टाफ को अपराध विवेचना हेतु पतासाजी में लगाया गया।




प्रकरण में विवेचना के दौरान अज्ञात आरोपियो का पता तलाश किया जा रहा था कि जरिये मुखबीर की सूचना मिलने पर आरोपीगण गणेश प्रजापति ऊर्फ नानू, विजय जोगी एवं एक विधि के साथ संर्घषरत बालक से उक्त घटना के संबंध में पुछताछ करने पर उक्त तीनो ने अपने एक और अन्य साथी के साथ मिलकर जुर्म करना स्वीकार किया। और बताया कि घटना 11 जून 2022 को चारो मोटर सायकल पल्सर वाहन क्रमांक सीजी 10 एबी 4689 में रायपुर बिलासपुर मार्ग में चलते है दारू पार्टी के लिए खर्चा निकालते है चर्चा कर रायपुर बिलासपुर मार्ग ग्राम टेमरी ओवर ब्रिज के पास चारो लोग गये फि र गणेश प्रजापति अपने साथियों को बोला कि तुम लोग यही रूको, ओवरब्रिज के पास जा रहा हूं किसी को डराकर तुम लोगो के पास भेजुंगा। तुम लोग उसे विश्वास में लेकर उनसे रूपया पैसा मोबाईल ले लेना बोला तो वह लोगो ब्रिज के पहले खडे थे, रात्रि करीबन बजे 10 बजे एक व्यक्ति मोटर सायकल में एक लडका को बैठाकर रायपुर रोड तरफ से आया। जिसे वह ब्रिज के पास रूकवाकर प्लानिंग के मुताबिक उसे डराकर अपने साथियो के पास भेजे और वह व्यक्ति डर भय के कारण उनके साथियो के पास गये और वह व्यक्ति अपने घर गांव तक छोड़ दो मुझे डर लग रहा है आगे कुछ भी हो सकता है कहकर अपने पास रखे पर्स जिसमें 2400 रूपये एवं एक ओप्पो कंपनी का मोबाईल व एक किपैड मोबाईल को दिया फिर वह चारो लोग भाठापारा की ओर चले गये। आरोपियों द्वारा बेईमानी पूर्वक प्राप्त 2400 रूपये में से 500.500 रूपये को आपस में बाटना और 400 रूपये को शराब पीकर खर्च करना और किपैड मोबाईल को भाठापारा जाते समय शिवनाथ नदी में फेकना बताया। आरोपियो के कब्जे से घटना में प्रयुक्त वाहन पल्सर वाहन क्रमांक सीजी 10 एबी 4689, एक ओप्पो मोबाईल एवं नगदी रकम 500 रूपये को जप्त कर बरामद किया गया। एवं प्रकरण में एक फरार आरोपी की पता तलाश की जा रही है। आरोपीगण, गणेश प्रजापति ऊर्फ नानू पिता मुन्ना प्रजापति उम्र 26 साल,विजय जोगी पिता पंचू जोगी उम्र 36 साल दोनों साकिनान संतमाता कर्मा वार्ड भाठापारा थाना भाठापारा सिटी कोतवाली जिला बलौदाबाजार को 13 जून 2022 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया एवं 01 विधि के साथ संघर्षरत् बालक को माननीय न्याय किशोर बोर्ड न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना नांदघाट प्रभारी निरीक्षक संतोषी ग्रेस, सउनि अरविंद शर्मा, प्रधान आरक्षक रामेश्वर मांडले, गोपाल ध्रुव, योगेश यादव, आरक्षक इंद्रजीत पांडेय, विनोद पात्रे, रूपेन्द्र राजपूत, सुनील साहू,चेतन वैष्णव, संजू नाथ योगी, हीरालाल साहू, आकाश राजपूत, प्रताप यादव एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

## एक नजर

### बेमेतरा नगर पालिका अंतर्गत हुआ राजस्व शिविर का आयोजन

जोहर छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



राज्य शासन के योजनांतर्गत प्रभारी सचिव एवं कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान के मार्गदर्शन में नगरीय क्षेत्र बेमेतरा में 15 एवं 16 जून को शासकीय भूमि के आबंटन, अतिक्रमण, व्यवस्थापन, रियायती एवं गैर रियायती पट्टों को भूमि हक प्रदान किये जाने हेतु राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नगर पालिका प्रशासनए राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। शिविर के संबंध में नगर पालिका के द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। शिविर में फ्री होल्ड हेतु 6, अतिक्रमित भूमि के व्यवस्थापन हेतु 25 आवेदन प्राप्त हुआ। प्राप्त आवेदनों के परीक्षणध्स्थल निरीक्षण बाद आबंटन व्यवस्थापन के संबंध में नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। इसके अलावा पट्टा के लिए कुल 13 आवेदन प्राप्त हुए इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दुर्गेश कुमार वर्मा, नायब तहसीलदार आरकेमरावी, राजस्व निरीक्षक कमलेश शर्मा सहित संबंधित क्षेत्र के पटवारीगण उपस्थित थे।

### एक कुंडीय गायत्री यज्ञ करके शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।





शाला प्रवेश उत्सव को एक उत्सव के रूप में मनाते हुए बच्चों के प्रवेश को यादगार बनाने के लिए सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रतनपुर में 16 जून को विद्यालय प्रवेश उत्सव जोर-शोर से मनाया गया सर्वप्रथम दीप,वंदना,गायत्री पूजन अर्चना के पश्चात,एक कुंडीय गायत्री हवन का आयोजन किया गया जिसमें आचार्य परिवार के साथ-साथ भैया बहनो ने गायत्रीमंत्र, महामृत्युंजय मंत्र,गुरूमंत्र के द्वारा आहूति देकर सर्वेभवन्तु सुखीन की मंगल कामना की गई। तत्पश्चात आचार्य परिवार द्वारा बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत करके मुह मीठा कराया गया इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मुकेश श्रीवास्तव द्वारा शाला प्रवेसोत्सव के संदर्भ में बच्चों को विस्तार से समझाया गया। सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ के मार्गदर्शन में यह शाला प्रवेसोत्सव 16 जून से 15जुलाई तक मनाया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में योगेश गुप्ता, तृप्ति बघेल, श्याम सुंदर तिवारी,मणि फ ांसे, कुण्कीर्ति कहरा,वर्षा श्रीवास्तव, माधुरी बैसवाड़े, सीता पोर्ते,आकांक्षा कहरा,राजू परधान,राजेश्वरी कश्यप का विशेष योगदान रहा।

### राहुल के रेस्क्यू में बालको का सराहनीय योगदान

**कोरबा ।** बोरवेल में फंसे 10 वर्षीय राहुल साहू को 105 घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद सुरक्षित बाहर निकाला गया। जांजगीर.चांपा जिले के मालखरौदा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पिहरीद में शुक्रवार 10 जून दोपहर 2 बजे बोरवेल में गिरे राहुल को बचाने हेतु 14 जून की देर रात 12 बजे तक बचाव कार्य चला। भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड बालको मनीष जैन के नेतृत्व में 19 सदस्यीय रेस्क्यू टीम ने स्थानीय प्रशासन और एनडीआरएफकी हर संभव मदद की।

# क्षेत्र के छः ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों की मिली सौगात

**संसदीय सचिव के प्रयास से 25 लाख रुपए की मिली स्वीकृति, ग्रामीणों ने जताया आभार**

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

क्षेत्र के छह ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों की सौगात मिली है। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के प्रयास से उक्त विकास कार्यों के लिए 25 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। जिस पर ग्रामीणों ने संसदीय सचिव चंद्राकर का आभार जताया है। गुरूवार को ग्राम पंचायत बेलटुकरी के सरपंच सोनसाय निर्मलकर, उपसरपंच श्यामलाल पटेल, पंच अमृत गायकवाड़, शशि साहू, हरिशंकर साहू, रेखु पटेल, उदे पटेल, घांसु निषाद, डिगेश्वर सत्यम, मनोज ढीढी, सचिन पटेल, गोवर्धन बघेल, मुकेश पटेल, डेरहा धीवर, संतोष धीवर आदि संसदीय सचिव निवास पहुंचकर संसदीय सचिव



चंद्राकर से मुलाकात की। पंचायत प्रतिनिधियों ने मुलाकात के दौरान संसदीय सचिव चंद्राकर को बताया कि यहां लंबे समय से पुल निर्माण की मांग की जा रही थी। जिसे गंभीरता से लेते हुए सात लाख रूपए की राशि स्वीकृत कराई गई है। इसी तरह ग्राम पंचायत भोरिंग में पांच लाख की लागत से सहदेव सेन के घर से मेहर मोहल्ला तक पेवर ब्लॉक निर्माण, ग्राम पंचायत बिरकोनी में पांच लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण, ग्राम पंचायत मचेवा में तीन लाख की लागत से किशन साहू के घर से सरस्वती शिशु मंदिर तक नाली निर्माण, ग्राम पंचायत लखनपुर में तीन लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण व ग्राम पंचायत परसदा ख में दो लाख की लागत से रंगमंच निर्माण के लिए स्वीकृति मिली है।

# नशा उन्मूलन को लेकर पुलिस ने कन्या शाला में की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।

नशा उन्मुलन पखवाड़े के अंतर्गत देवभोग टीआई बोधन साहू ने कन्याशाला में छात्राओं के साथ बैठक कर नशा से मुक्ति के कायदे कानून पर चर्चा किया। देवभोग टीआई ने छात्राओं को नशा से होने वाले क्षति पर विस्तृत चर्चा कर कहा गांव के बढ़ते नशाखोरी को रोकने महिला वर्ग का महत्वपूर्ण भूमिका रहता है। कन्या शाला के बैठक में छात्राओं ने भी नशाखोरी पर थाना प्रभारी से कई पहलुओं पर चर्चा की। ज्ञात हो की पुलिसिंग कार्यक्रम के तहत नशा उन्मुलन का पखवाड़ा चला रही है। थाना प्रभारी साहू ने बताया नशा उन्मुलन पखवाड़ा में पुलिस गांव के स्कुल, पंचायत के माध्यम से गांव के लोगों के साथ बैठकर नशा उन्मुलन के लिये जनजागरण का काम करेगी। पुलिस विभाग



द्वारा चलाये जा रहे इस नशा उन्मुलन की जमकर तारीफ हो रही है। कन्याशाला में हुये नशा उन्मुलन बैठक में थाना प्रभारी बोधन साहू के साथ आरक्षक राहुल तिवारी भी मौजूद थे वही कन्या शाला के प्राचार्य दयाराम सिन्हा सहित स्कुल के सभी शिक्षक मौजूद थे। थाना प्रभारी ने छात्राओं को बताया बेटी परिवार की ऐसी कड़ी है जिसकी समझाईश पिता भी स्वीकारता है इसलिये नशा उन्मुलन के लिये बेटी को आगे आने आवश्यकता है। वही कन्या शाला के प्राचार्य ने भी घर में बेटी की महत्वपूर्ण भूमिका होता है इसलिये घर मे यदि परिवार का कोई सदस्य नशाखोरी में लिप्त है तो ऐसी परिस्थिति मे घर की बेटी को उन्मुलन के लिये प्रयास करने चाहिये।

# करणीकृपा पावर प्लांट लिमिटेड को व्यपवर्तन निरस्त करने अनुविभागीय अधिकारी को लिखा पत्र-किसान नेता अशवन्त तुषार साहू

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुन्द।

करणी कृपा पावर प्लांट लिमिटेड डायरेक्टर निर्णय चौधरी पिता अशोक कुमार चौधरी के द्वारा ग्राम पहन 6 रानि एम एवं तहसील व जिला महासमुंद ख.न 1017, 1918/2, 1030,1023 /1,1027/1,1029,1032/2,1032, 31033/2,1034,1035 कुल रकबा 11,3200 है. कृषि भूमि को औद्योगिक प्रयोजन मैं पुन निर्धारण कर भूमि व्यपवर्तन हेतु समाचार पत्र में इस्तीहार का प्रकाशण किया गया है औद्योगिक प्रयोजन हेतु भूमि व्यपवर्तन पर आपत्ती निम्नानुसार है पहला यह कि 1032, 1033 शासकीय निस्तारी भूमि प्रस्तावित औद्योगिक व्यपवर्तन के माध्य में होने से आवागमन नहीं होने से ग्राम वासियों का सार्वजनिक निस्तार प्रभावित होगा तथा शासकीय निस्तारी भूमि औद्योगिक प्रदूषण से प्रभावित होगा। व शासकीय चराई शासकीय चराई भूमि खसरा नंबर 83,994,996,9 97,998 ,1013,1046 औद्योगिक प्रदूषण से प्रभावित होगा जिसके सार्वजनिक निस्तार प्रभावित होगा द्य करणी कृपा प्रा.लि के द्वारा छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 के प्रावधानों के विरुद्ध व्यवसायिक कार्य हेतु कृषि भूमि को क्रय किया गया है। भूमि का



विक्रय विलेख निरस्त योग्य है। संहिता की धारा 172 के अंतर्गत भुमि व्यपवर्तन के नियमानुसार छग लोक निर्माण विभाग एवं भारत सरकार के राष्ट्रीय राज्यमार्ग से औद्योगिक प्रयोजन के लिए कुल खसरा नंबर 15 रकबा 11.3200 जुड़ा हुआ कनेक्ट नहीं है यह प्रस्तावित औद्योगिक प्रयोजन की भूमि के निकट शासकीय भूमि कोटवारी भूमि कृषि भूमि लगभग 100 एकड़ भूमि प्रदूषण से प्रभावित होगा। पूर्व में ग्राम खैरझिटी, कौवा झर भोरिंग,कुकराडीह,जोबा, अछोली, मालीडीह,पिरदा, गुरुडिह परसाडीह एवं तुमगांव के कृषकों को एवं ग्रामवासियों तथा ग्राम पंचायत के द्वारा महामहिम राज्यपाल, मुख्यमंत्री माननीय एवं मंत्री एवं मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन रायपुर को 8 दिसंबर 2022 को आवेदन पत्र प्रस्तुत कर औद्योगिक प्रयोजन हेतु भूमि परिवर्तन नहीं किए जाने का अनुरोध किया गया है और आपत्ति के निर्धारित तिथि में आपत्ति प्रस्तुत किया गया है।

# विहिप बजरंजदल और अन्य हिन्दु संगठन का हिंसा पर रोक लगाने धरना एवं ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सौंपे

ज्ञापन में सात बिन्दुओं पर मांग

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।

देश में चल रहे हिन्दुओं पर और उनके विभिन्न धार्मिक आयोजनों में पत्थरबाजी के खिलाफ विहिप बजरंग दल, और अन्य हिन्दु संगठन के नेतृत्व में हिन्दु समाज अब सड़क आंदोलन पर उतर आयी है।

बीते कल हिन्दुओं के युवाओ ने देवभोग के भगवा चौक में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया और धरने के बाद देश के राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। इस अवसर पर विहिप के जिला सहमंत्री गौरीशंकर कश्यप,प्रखण्ड अध्यक्ष सुभाष दौरा, सुभाष मित्तल,नागेश्वर मोरे हेजुराम साहू,शोभाचंद पात्र,जगमोहन पटेल पदुलोचन मांझी सहित गोहरापदर करचिया तथा अन्य दर्जनभर गाँव के सैकडो कार्यकर्ता धरने मे



शामिल थे।

### आठ बिन्दुओं पर मांग सौंपा

हिन्दु संगठन के कार्यकर्ताओ ने राष्ट्रपति को सौंपे ज्ञापन में हिन्दु देवी देवताओं के अपमान करने वाले जेहादी मुस्लमानों पर रासुका के तहत किर्यवाही की मांग की है वही कानपुर वाइलेंस के आरोपी सहित मप्र के रामनवमी के पत्थरबाजों पर भी सख्त कारवाई की मांग की है। कानपुर में मस्जिद से निकली मुस्लमानो की भीड की एनआईए से जांच, पापुलर फ्रंट आंफ इंडिया संगठन पर प्रतिबंध अल्प संख्या वाले क्षेत्रों में हिन्दुओं की सुरक्षा आदि आठ बिन्दुओं पर ज्ञापन सौंपा है। वही पूर्व भाजपा प्रवक्ता नुपुर शर्मा पर कार्यवाही पर रोक लगाने भी उनके बचाव में दिखे इस संबंध में विहिप के जिला सहमंत्री गौरी कश्यप ने कहा विहिप और बजरंग दल जेहादियो को उनके तरीके से जबाब देने तैयार हो गया है अब देश में पत्थर बाजी नहीं चलेगी।

# मुख्यमंत्री ने वर्चुअल किया राज्य स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का शुभारंभ

**बेमेतरा के स्वामी आत्मानंद स्कूल में कार्यक्रम आयोजित**

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने राजधानी रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में आयोजित वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का वर्चुअल शुभारंभ किया।

इस अवसर पर बेमेतरा के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ अंग्रेजी माध्यम स्कूल परिसर में वीडियों कॉनफ्रेंसिंग के माध्यम से कोई बच्चा न छूटे इस बार,शिक्षा पर है सबका अधिकार की थीम पर शाला प्रवेश उत्सव का शुभांरभ किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि विधायक बेमेतरा आशीष कुमार छाबड़ा, नगर पालिका परिषद बेमेतरा शकुंतला मंगत साहू, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि बंशी पटेल सहित जिला पंचायत सीईओ लीना मण्डावी, डिप्टी कलेक्टर विश्वास राव म्हस्के,




जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा एवं विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित थे। शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विडियों कॉनफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम का वर्चुअल रूप से शुभांरभ करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि वर्तमान दौर में शिक्षा को नवाचार और नई प्रौद्योगिकी के साथ जोड़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौर में स्कूल एवं अन्य शैक्षणिक संस्थाएं बंद होने के बावजूद भी नई प्रौद्योगिकी के साथ शिक्षण कार्य निरंतर रूप से जारी रहा। बघेल ने इस सत्र में नियमित कक्षाओं के संचालन के साथ कोरोना काल में पढ़ाई में पिछड़े बच्चों पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को नई ऊर्जा एवं नए उत्साह के साथ अध्ययन एवं अध्यापन के लिए प्रोत्साहित भी किया। इस दौरान उन्होने बस्तर संभाग के सुकमा, नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा एवं बस्तर जिले के विद्यार्थियों के साथ बात-चीत की और उन्हे मन लगाकर पढ़ने एवं नियमित शाला जाने के लिए प्रेरित किये। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधायक छाबड़ा ने सर्वप्रथम माता सरस्वती व स्वामी आत्मानंद के छायात्रित प्रतिमा पर माल्यापर्ण व दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होने कार्यक्रम में सम्मिलित हुए सभी छात्र-छात्राओं को टीका एवं फुलों का हार पहनाकर पुरस्कार भेंट किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। छाबड़ा ने कहा कि स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलना प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति लाने का अभिनव पहल है। यह योजना आने वाले समय में एक बड़ी क्रांति के रुप में मील का पत्थर साबित होगा। पिछले डेढ़ दो वर्षों में कोरोना महामारी होने के कारण शैक्षणिक सत्र का संचालन नहीं हो पाया था। जिसका सबसे ज्यादा प्रभाव विद्यार्थियों को हुआ था। किन्तु उसके बाद प्रदेश सरकार ने जिला मुख्यालय व विकासखण्ड मुख्यालय में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले गये हैं और आज शिक्षा सत्र 2022-23 का शुभारंभ किया जा रहा है। उन्होने यह भी कहा कि जिले में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के साथ-साथ जल्द ही स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल भी संचालित की जायेगी। जिला शिक्षा अधिकारी मिश्रा ने प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के खुलने से अब ग्रामीण अंचल के छात्र भी अंग्रेजी माध्यम स्कूल में शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि आत्मानंद स्कूल खुलने से लगभग दो वर्षों में विद्यार्थियों और पालकों का शासकीय स्कूलों की ओर रुझान बढ़ा है।

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, शुक्रवार 17 जून 2022

## रवीना टंडन ने फिल्म यस पापा को दी अपनी आवाज



पेटा से लेकर यूनिसेफ तक, रवीना टंडन हमेशा परोपकारी कार्यों में शामिल रही हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराधों से निपटने वाली फिल्म मातृ में नजर आने वाली अभिनेत्री सामाजिक मुद्दों के बारे में भी बेबाक रही हैं। बालिकाओं के साथ दुर्व्यवहार पर आधारित, एक ऐसा अपराध जो हमारे समाज में मौजूद है और जिसे अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है क्योंकि बहुत कम लोग शिकायत दर्ज कराने या अपराधियों के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई करने का साहस जुटा पाते हैं। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री रवीना टंडन को लगता है, बिना सनसनीखेज हुए, सैफ दृढ़ता से अपनी बात रखते हैं जिससे हमारे समाज में जागरूकता पैदा होगी। सैफ के यस पापा हमारे समाज में बच्चों की सुरक्षा की बात करते हैं, जो हमारा लोकतांत्रिक और मौलिक अधिकार है।

## मुग्धा गोडसे ने द ब्रोकन न्यूज में काम करने के अपने अनुभव के बारे में की बात

मधुर भंडारकर की फिल्म फैशन से शानदार शुरूआत करने वाली अभिनेत्री मुग्धा वीरा गोडसे वर्तमान में अपने नए वेब शो द ब्रोकन न्यूज के लिए सकारात्मक प्रतिक्रिया का आनंद ले रही हैं।

हाल ही में, उन्होंने शो में अपने किरदार और कलाकारों के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात की।

अपनी उत्तेजना व्यक्त करते हुए, अभिनेत्री ने कहा, द ब्रोकन न्यूज में मेरा किरदार बेहद रोमांचक और महत्वपूर्ण भी है। मैं एक राजनेता की भूमिका निभा रही हूं और इसके लिए काफी शोध और सचेत अभिनय की आवश्यकता है।

अपनी स्क्रीन उपस्थिति को तोड़ते हुए, उसने कहा, मेरे दृश्य ज्यादातर जयदीप के साथ थे, लेकिन सोनाली के साथ मेरे पसंदीदा दृश्य हैं। साथ ही पूरी टीम बिल्कुल सही थी और मेरे पास था उनके साथ काम करने का अच्छा समय है।

उसने आगे खुलासा किया कि वह इस परियोजना के लिए कैसे बोर्ड पर आई, चूंकि निर्माताओं ने मुझे पहले ही ब्लडी ब्रदर्स में देखा था - उनकी पिछली सीरीज, उन्होंने मुझसे इस सीरीज के लिए संपर्क किया। निर्देशक से मिलने के बाद और इस भाग को पढ़कर, मैं भाग लेने के लिए उत्सुक थी क्योंकि यह चुनौतीपूर्ण और वास्तव में नया था।



## सबा आजाद अपने अगले प्रोजेक्ट मिनिमम की शूटिंग 17 जून से करेंगी शुरू

बॉलीवुड अभिनेत्री सबा आजाद, जिन्होंने रॉकेट बॉयज में परवाना ईरानी की भूमिका निभाई है, अपने अगले प्रोजेक्ट मिनिमम पर काम करने के लिए तैयार हैं, जहां वह एक फ्रांसीसी लड़की की भूमिका निभाएंगी।

सबा आजाद ने कहा, मेरे अगले प्रोजेक्ट मिनिमम के लिए दैनिक कक्षाएं हो गई हैं, मुझे वाकई उम्मीद है कि वे भुगतान करेंगे। सिनेमा का सबसे बड़ा लाभ नए कौशल हैं जो आपको रास्ते में सीखने को मिलते हैं। फिल्म की शूटिंग इस महीने की 17 तारीख को शुरू होने वाली है।

उन्होंने आगे कहा, इस बीच, मेरे बैंड मैडबॉय / मिंक के साथ सड़क पर वापस आना आश्चर्यजनक है क्योंकि कोविड प्रतिबंधों में ढील दी गई और लाइव प्रदर्शन और संगीत समारोह फिर से शुरू हो गए, हम एक संगीत वीडियो पर काम कर रहे हैं जिसे शूट किया जाएगा और उसके बाद रिलीज किया जाएगा।

सबा ने हाल ही में करण जौहर के बर्थडे बैश में अपने बॉयफ्रेंड ऋतिक रोशन के साथ वॉक करते हुए सुर्खियां बटोरीं।



## लकड़ी की कंघी का इस्तेमाल करने के पांच फायदे

प्लास्टिक की कंघी से बाल करने से बहुत बाल टूटते हैं और इससे स्कैल्प का प्राकृतिक तेल भी प्रभावित होता है। यही वजह है कि हेयर केयर एक्सपर्ट्स लकड़ी की कंघी का इस्तेमाल करने की सलाह देते हैं क्योंकि यह स्कैल्प को पोषित करने के साथ-साथ सिर के ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर रखने में भी सहायक है। इसके अतिरिक्त, यह पर्यावरण के भी अनुकूल है। आइए आज हम आपको लकड़ी की कंघी का इस्तेमाल करने के पांच फायदे बताते हैं।

**डैंड्रफ को कम करने में है सहायक**- प्लास्टिक या फिर किसी भी अन्य धातु की कंघी आपके स्कैल्प पर रूखापन बढ़ाकर डैंड्रफ की समस्या पैदा कर सकती है, जो आपके बालों के लिए नुकसानदायक है। हालांकि, लकड़ी की कंघी स्कैल्प की प्राकृतिक तेल को नुकसान पहुंचाए बिना कोमलता से अपना काम करती है, जिससे डैंड्रफ भी नहीं होता। दरअसल, यह आपके स्कैल्प पर तेल उत्पादन को उत्तेजित करती है और स्कैल्प पर तेल के खराब फैलाव को रोकती है, जो डैंड्रफ को दूर रखने में मददगार है।



**बालों का झड़ना होगा खत्म**

प्लास्टिक की कंघी फेराते समय बाल काफी ज्यादा खींचते हैं, जिससे बालों के झड़ने की संभावना बढ़ जाती है। खासकर, अगर बाल में लगी किसी गांठ को सुलझाना हो तो बाल काफी ज्यादा झड़ते हैं। हालांकि, लकड़ी की कंघी से ऐसा कुछ नहीं होता है। यह आपके बालों को बिना खींचे आसानी से उन्हें सुलझा सकती है। इसलिए बेहतर होगा कि आप अपनी हेयर केयर किट में प्लास्टिक की बजाय लकड़ी की कंघी को शामिल करें।

### ग्रेसी बालों से मिलेगा छुटकारा

जो लोग ग्रेसी बालों की समस्या का सामना करते हैं तो वे इससे छुटकारा पाने के लिए कई तरह के महंगे-महंगे हेयर केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करने लगते हैं, फिर भी उन्हें मनचाह परिणाम नहीं मिल पाता। हालांकि, लकड़ी की कंघी का इस्तेमाल करने से आपकी यह समस्या खत्म हो सकती है।

## झूठा हंसना भी सेहत को पहुंचाता है ढेरों फायदे, जानें इनके बारे में

हंसी को सबसे बढिया़ दवा माना गया है, फिर भी हम जिंदगी की आपाधापी में हंसना भूल जाते हैं। क्या आपको बता है आपकी एक छोटी सी मुस्कान दूसरों को खुशी का एहसास करा सकती है और यह खुद के लिए भी काफी फायदेमंद होती है।

जिस तरह अच्छी हवा, अच्छा खानपान सेहतमंद रहने के लिए जरूरी होता है, उसी प्रकार आपकी हंसी भी आपको स्वस्थ रखने में अहम भूमिका निभाती है। जर्मन वैज्ञानिकों द्वारा की गई रिसर्च के मुताबिक गुस्सा निकालना भी जरूरी होता है क्योंकि इससे कई जानलेवा बीमारियों का खतरा कम हो सकता है। गुस्से को दबा लेने या मन ही मन घुटने वाले लोगों में स्ट्रेस हॉर्मोन कॉर्टीसोल का स्तर बढ़ जाता है और उन्हें हार्ट अटैक, कैंसर, हाई ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियां होने का खतरा 37त्न तक बढ़ सकता है, इसलिए अपने गुस्से को हंस कर निकाल दें। अगर आप सुबह-शाम हंसने की आदत डाल लें तो कोई भी बीमारी, चाहे मानसिक हो या शारीरिक आपके पास भी नहीं आएगी। हेल्थ एक्पर्ट के मुताबिक, रोजाना हंसने से सेहत तो अच्छी रहती ही है साथ ही इससे शरीर में एनर्जी भी बनी रहती है। तो चलिए आज हम विस्तार से आपको हंसने से सेहत को क्या-क्या फायदे हो सकते हैं... - खुलकर हंसने से हमारे शरीर में ब्लड सर्कुलेशन सही बना रहता है। दरअसल, जब हम हंसते हैं तो हमारे शरीर में ज्यादा मात्रा में ऑक्सीजन पहुंचता हैं। जो हार्ट पंपिग रेट को ठीक रखने में मदद करता है।

- हँसना हमारे इम्यून सिस्टम को बूस्ट करता है, जो कई तरह की बीमारियों से लड़ने में फायदा पहुंचाता है। इसलिए स्वस्थ जीवन के लिए बेहद जरुरी है हँसना।



# खेल

हार्दिक पंड्या को पहली बार इंडिया की कप्तानी

## आयरलैंड के लिए टीम का ऐलान; राहुल त्रिपाठी को पहली बार मौका, उमरान भी शामिल

नई दिल्ली। अपनी कप्तानी में गुजरात टाइटंस को पहले ही सीजन में IPL चैंपियन बनाने वाले हार्दिक पंड्या आयरलैंड दौरे पर टीम इंडिया के कप्तान बनाए गए हैं। उस समय भारत की मुख्य टीम इंग्लैंड में होगी।



इसका मतलब होगा कि रोहित शर्मा और ऋषभ पंत भी आयरलैंड दौरे के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। इसे देखते हुए पंड्या को आयरलैंड के खिलाफ दो टी-20 इंटरनेशनल मैचों के लिए टीम की कमान दी गई है। टी-20 वर्ल्डकप 2021 के बाद से मैदान से दूर रहे हार्दिक ने IPL 2022 में वापसी की थी और पहले ही सीजन में गुजरात टाइटंस को दमदार प्रदर्शन से विजेता बना दिया। हार्दिक को इसी का इनाम BCCI ने दिया है। पहले साउथ अफ्रीका के खिलाफ हो रही सीरीज में उन्हें उप कप्तान बनाया गया और अब आयरलैंड दौरे के लिए वो कप्तान होंगे।

### आयरलैंड दौरे के लिए टीम इंडिया

हार्दिक पंड्या (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार (उपकप्तान), ईशान किशन, ऋतुराज गायकवाड़, संजू सैमसन, सूर्यकुमार यादव, वेंकटेश अय्यर, दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, हर्षल पटेल, आवेश खान, अर्शदीप सिंह, उमरान मलिक। टीम इंडिया को आयरलैंड के खिलाफ 26 और 28 जून को डबलिन में दो टी-20 मैचों की सीरीज खेलनी है। वहीं, भारत की मुख्य टीम 16 जून को इंग्लैंड के लिए रवाना हो जाएगी। इस बीच यह खबर भी आ रही है कि चोटिल केएल राहुल इंग्लैंड के खिलाफ 1 जुलाई से बर्मिंघम में शुरू हो रहे टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे। राहुल को साउथ अफ्रीका के खिलाफ अभी चल रही पांच टी-20 मैचों की सीरीज के लिए कप्तान बनाया गया था, लेकिन दिल्ली में खेले गए पहले मैच से पूर्व वे चोटिल हो गए।

आईसीसी टेस्ट रैंकिग में जो रूट का जलवा

## ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज को पछाड़कर बने दुनिया के नंबर वन बल्लेबाज




**नई दिल्ली** । आईसीसी टेस्ट रैंकिग में इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट का जलवा फिर से देखने को मिला है। लगातार दो मैचों में दो शतक जड़ने के बाद जो रूट फिर से टेस्ट क्रिकेट में नंबर वन बल्लेबाज बन गए हैं। जो रूट ने ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज मार्नस लाबुशेन को पछाड़कर फिर से नंबर वन की कुर्सी हासिल कर ली है। टेस्ट क्रिकेट में जो रूट पहले भी नंबर वन बल्लेबाज रह चुके हैं और वे काफी समय से टॉप 10 में बने हुए हैं।

न्यूजीलैंड के खिलाफ जारी तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले दो मुकाबलों में जो रूट ने शतकीय पारी खेली। इसी के दम पर वे पहले दूसरे नंबर पर पहुंचे और फिर पहले नंबर पर पहुंच गए। जो रूट के खाते में इस समय 897 रेटिंग प्वाइंट्स हैं, जबकि मार्नस लाबुशेन के खाते में 892 प्वाइंट्स हैं।

ICC टी-20 रैंकिंग में ईशान का धमाल

## 68 बल्लेबाजों को पछाड़ कर पहली बार टॉप-10 में पहुंचे, टेस्ट में जो रूट नंबर-1 बने

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने लेटेस्ट रैंकिंग जारी कर दी है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में धमाकेदार प्रदर्शन कर रहे ईशान किशन को टी-20 रैंकिंग में 68 स्थान का फायदा हुआ है और वो 7वें स्थान पर पहुंच गए हैं। ईशान पहली बार टी-20 रैंकिंग में टॉप-10 में पहुंचे हैं। साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज से पहले ईशान की रैंकिंग 76 थी। साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में अब तक खेले गए 3 मैचों में ईशान के बल्ले से 164 रन निकले हैं।

न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने वाले इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट अब टेस्ट रैंकिंग में नंबर-1 बल्लेबाज बन गए है। वहीं, वनडे क्रिकेट में पाकिस्तान के खिलाड़ियों का दबदबा है। नंबर-1 पर पाक टीम के कप्तान बाबर आजम हैं। नंबर-2 पर वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में धमाकेदार प्रदर्शन करने वाले इमाम उल हक पहुंच गए हैं। उन्होंने टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली को पीछे छोड़ा है। कोहली नंबर 2 से 3 पर आ गए हैं। नंबर 4 पर रोहित शर्मा काबिज हैं। टेस्ट क्रिकेट की बात करें तो टीम इंडिया के 2 बल्लेबाज टॉप-10 में हैं। रोहित शर्मा 754 रेटिंग पॉइंट्स के साथ 8वें तो विराट कोहली 742 रेटिंग पॉइंट्स के साथ 10वें स्थान पर हैं।




## हार के बावजूद बैटिंग अप्रोच नहीं बदलना चाहते बवुमा, बोले- बेवकूफी होगी ऐसा करना

**विशाखापट्टनम** । दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी भारत के खिलाफ तीसरे टी20 इंटरनेशनल मैच में दबाव में आ गई, लेकिन कप्तान टेम्बा बवुमा ने कहा कि पांच मैचों की सीरीज में महज एक हार के बाद अपनी रणनीति में बदलाव करना बेवकूफी होगी। जीत के लिए 180 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की धीमी शुरुआत हुई जिससे वे पहले तीन ओवर में केवल 15 रन ही जोड़ सके। बवुमा ने धीमी शुरुआत को लेकर कहा, बतौर टीम यह हमेशा ही हमारी रणनीति रही है। भारत से मिली 48 रन की हार के बाद बवुमा ने कहा, पहले दो ओवर में हम हमेशा देखते हैं और फिर पारी में लय लाने की कोशिश करते हैं। फिर अपने बड़े खिलाड़ियों के लिए तैयार करते हैं। उन्होंने कहा, यही रणनीति रही है जो हमारे लिए कारगर रही है और महज एक हार के बाद अपनी इस रणनीति में बदलाव करना थोड़ा मूखर्तापूर्ण होगा। बवुमा ने कहा, मुझे लगता है कि उनके स्पिनरों ने हमें दबाव में ला दिया। हम दबाव से नहीं निपट सके और वापसी कर उन पर दबाव नहीं बना सके जैसा हमने पहले दो मैचों में किया था। हालत उनके स्पिनरों के अनुकूल थे। परिस्थितियों को अपने पक्ष में करने के लिए उनके स्पिनरों की तारीफ करनी होगी। उन्होंने कहा, उन्होंने काफी अच्छी गेंदबाजी की, उनके कप्तान ने मैच के शुरू में ही स्पिनरों को लगा दिया और मुझे लगता है कि इससे बड़ा अंतर पैदा हुआ।



### एक नजर

## ग्लेन मैक्सवेल की दमदार पारी से जीता ऑस्ट्रेलिया, पहले वनडे में श्रीलंका को 2 विकेट से हराया

**नई दिल्ली** । ऑस्टेलिया ने श्रीलंका को पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए पहले वनडे मैच में 2 विकेट से हरा दिया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टी20 में दासुन शनाका की दमदार पारी की बदौलत श्रीलंका ने जीत दर्ज करते हुए तीन मैचों की वनडे सीरीज में अच्छी शुरुआत की थी। पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका की टीम ने गुनाथिलकरुन, पथुम निसानका, कुसल मेंडिस के अर्धशतक की बदौलत ऑस्ट्रेलिया के सामने 300 रन का विशाल लक्ष्य रखा। बारिश से प्रभावित मैच में ऑस्ट्रेलिया को डकवर्थ लुईस नियम के तहत 44 ओवर में 282 रन बनाने का लक्ष्य मिला था, जिसे ऑस्ट्रेलिया ने 9 गेंद पहले जीतकर पांच मैचों की वनडे सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। सलामी बल्लेबाज दनुष्का गुणथिलाका और पथुम निस्संका ने श्रीलंका को शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 115 रन की साझेदारी हुई। लेकिन दोनों बल्लेबाजों ने सिर्फ दो के अंतर पर ही अपने विकेट गंवा दिए थे, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने मैच में वापसी की थी। गुणथिलाका 55 और निस्संका 56 रन बनाकर आउट हुए।



जिसके बाद कुसल मेंडिस ने पारी को संभाला। मेंडिस ने असलंका (37) और आखिर में हसरंगा (37) के साथ मिलकर टीम के स्कोर को 300 तक पहुंचाने में मदद की। कुसल मेंडिस ने 8 चौके और 1 छक्के की बदौलत 87 गेंद में 86 रन की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया की ओर से अगर और लाबुशेन को 2-2 विकेट, जबकि झे रिचर्डसन और हेजलवुड ने 1-1 विकेट झटके।

## नॉटिंघम टेस्ट के अगले ही दिन कीवी ऑलराउंडर माइकल ब्रैसवेल कोविड-19 टेस्ट में पाए गए पॉजिटिव

**नई दिल्ली** । इंग्लैंड ने नॉटिंघम टेस्ट में न्यूजीलैंड को पांच विकेट से हराकर सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली। मैच के अगले दिन सुबह न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर माइकल ब्रैसवेल को कोविड-19 के लक्षण महसूस होने लगे, जिसके बाद उन्होंने रैपिड एंटीजेन टेस्ट कराया। सीरीज का अब तीसरा टेस्ट मैच 23 जून से हेडिंग्ले में खेला जाना है, टीम से जुड़ने से पहले ब्रैसवेल को पांच दिन का आइसोलेशन पीरियड पूरा करना होगा।

ऐसे में वह 20 तारीख के बाद ही अपनी टीम से जुड़ सकेंगे। मेहमान टीम के बाकी खिलाड़ियों का भी कोविड-19 टेस्ट होगा। ब्रैसवेल ने नॉटिंघम टेस्ट के साथ ही अपना टेस्ट करियर शुरू किया है। उन्होंने पहली पारी में 49 रनों की अहम पारी खेली थी, जबकि इंग्लैंड की पहली पारी के दौरान बेन स्टोक्स, स्टुअर्ट ब्रॉड और जेम्स एंडरसन को आउट भी किया था। ब्रैसवेल ने दूसरी पारी में 17 गेंद पर 25 रन बनाए थे। ब्रैसवेल इससे पहले तीन वनडे इंटरनेशनल मैच खेल चुके हैं। वनडे में ब्रैसवेल कुल पांच विकेट ले चुके हैं।

# विधायक भगत एवं कलेक्टर अग्रवाल की उपस्थिति में जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का हुआ आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

विधायक जशपुर विनय भगत एवं कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में जशपुर के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल, वनमंडलाधिकारी जितेंद्र उपाध्याय, जिला शिक्षा अधिकारी जेके प्रसाद, जनपद पंचायत अध्यक्ष कल्पना लकड़ा, नगर पंचायत अध्यक्ष नरेशचंद्र साय, उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता, सूरज



चौरसिया सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिथि, गणमान्य नागरिक, स्कूली बच्चें एवं उनके पालक उपस्थित थे। कार्यक्रम में विधायक भगत एवं कलेक्टर अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा केंद्र में नव प्रवेशित बच्चों को तिलकए पुष्पमाला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर उनका अभिनंदन किया साथ ही उन्हें नि:शुल्क गणवेश एवं पाठ्य सामाग्री प्रदान किया गया। नव प्रवेशित बच्चों एवं उनके पालकों से चर्चा कर उन्हें शिक्षा का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया। विधायक भगत ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह बहुत ही खुशी की बात है कि दो वर्ष से कोरोना का संकट एवं



*** नव प्रवेशित बच्चों को तिलक, पुष्पमाला एवं मिठाई खिलाकर किया गया अभिनंदन, उन्हें नि:शुल्क गणवेश एवं पाठ्य सामाग्री किया गया प्रदान**

*** नव प्रवेशित बच्चों एवं उनके पालकों से चर्चा कर उन्हें शिक्षा का लाभ लेने हेतु किया प्रोत्साहित**

लॉकडाउन की विषम परिस्थिति के बाद आज शाला का नियमित रूप से संचालन प्रारम्भ हो रहा है। उन्होंने कहा कि विगत दो सालों से अनियमित शाला के संचालन से बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता में गिरावट आई है। जिसे इस नए सत्र में दूर कर विद्यार्थियों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराया जाएगा। भगत ने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने एवं अच्छे से पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि विद्यालय प्रारम्भ होने से बच्चों एवं पालकों में उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने सभी बच्चों को बधाई देते हुए नियमित विद्यालय आने एवं शिक्षा का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सभी पालक अपने बच्चों के विद्यालय आने एवं पढ़ाई पर गंभीरता से ध्यान दे। अग्रवाल ने कहा कि नए शिक्षा सत्र में शिक्षा की स्तर को सुधारने, एवं विगत वर्षों में बच्चों की अध्ययन में हुए नुकसान की भरपाई करने का कार्य प्राथमिकता से किया जाएगा। शिक्षक नए ऊर्जा एवं संकल्प के साथ शिक्षण कार्य करेंगे। उन्होने कहा कि स्कूलों में बच्चों को कक्षा के अतिरिक्त अन्य विकल्पों के माध्यम से सीखने की उचित व्यवस्था की जाएगी। जिससे बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बनी रहे।

## एक नजर

### पार्षद के भाई से पुलिसकर्मियों ने दिखाई दबंगई, शिकायत पर एस एसपी ने किया लाइन हाजिर

**बिलासपुर ।** सोमवार की रात चांटीडीह निवासी पार्षद व एमआइसी मेंबर के कप अठ भाई के साथ पुलिसकर्मियों ने मारपीट की। इसके बाद उन्हें जबरन पैट्रोलिंग वाहन में बैठा लिया। पार्षद ने इसकी जानकारी पुलिस के उच्च अधिकारियों को दी। इस पर एसपी पारुल माथुर ने सरकंडा थाने में पदस्थ दो आरक्षकों को लाइन अटैच कर दिया है। सरकंडा क्षेत्र के चांटीडीह चिंगराजपारा में रहने वाले पार्षद व एमआइसी मेंबर बजरंग बंजारे ने मामले की शिकायत की है। पार्षद ने बताया कि सोमवार की रात उनका भाई बलराम घर के पास मौजूद था। इसी दौरान पुलिस की पैट्रोलिंग टीम वहां आई। पुलिस टीम के आने के बाद बलराम अपने घर के अंदर चले गए। इसी बीच आरक्षक मनोज साहू उनके घर में घुस गया और बलराम को खींचते हुए बाहर ले आया। उसने मारपीट करते हुए बलराम को पैट्रोलिंग वाहन में बैठा दिया। इसकी जानकारी होने पर पार्षद अपने घर से निकले। उन्होंने पूछताछ कि तो बलराम को वाहन से उतारकर पुलिसकर्मियों चले गए। मामला सामने आने के बाद एसपी पारुल माथुर ने आरक्षक मनोज साहू व विजय पांडेय को लाइन अटैच कर दिया है।

### जिला पत्रकार संघ के पदाधिकारियों के से नए पत्रकार भवन निर्माण के संबंध में कलेक्टर बंसल ने की चर्चा

**जगदलपुर।** कलेक्टर रजत बंसल ने आज जगदलपुर स्थित पत्रकार भवन पहुंचकर नए पत्रकार भवन के निर्माण के संबंध में जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष सुरेश रावल सहित पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ





चर्चा की। इस दौरान स्थानीय पार्षद आलोक अवस्थी, संयुक्त कलेक्टर डीआर ठाकुर, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता एके सिंह, तहसीलदार पुष्पराज पात्र, जिला पत्रकार संघ के उपाध्यक्ष श्रीनिवास नायडू, नवीन गुप्ता, सचिव धमेन्द्र महापात्र, सहसचिव अशोक नायडू, कोषाध्यक्ष संतोष वर्मा सहित सदस्यगण उपस्थित थे।

कलेक्टर बंसल ने जिला न्यायालय से लेकर हाता ग्राउण्ड तक जाने वाली सड़क के किनारे स्थित इस भवन का निर्माण भविष्य को देखते हुए किए जाने की बात कही। उन्होंने इस सड़क में बढ़ती आवाजाही को देखते हुए सड़क चैड़ीकरण के लिए सर्वेक्षण करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने पत्रकारों के आवास हेतु चिन्हांकित स्थल के मुआयना के संबंध में भी पत्रकारों से चर्चा की।

### मनोज ले आउट के मुख्य द्वार, केबिन, बाउंड्रीवाल तोड़ा गया

**दुर्ग ।** बाईपास रोड टोल प्लाजा के समीप स्थित मनोज राजपूत ले आउट प्राइवेट लिमिटेड की बाहरी संरचना को प्रशासन व निगम के अमले ने बुधवार को ध्वस्त कर दिया। अवैध प्लाटिंग के मामले में शहर के भीतर हुई यह सबसे बड़ी कार्यवाही है। मनोज ले आउट के मुख्य व्दार व सड़क के सामने की बाउन्ड्रीवाल को तोड़ दिया गया है।

जानकारी के अनुसार प्रशासन से एसडीएम मुकेश रावटे, तहसीलदार प्रकाश सोनी, निगम आयुक्त हरेश मंडावी नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के उपसंचालक बडगैय्या दल बल के साथ चार जेसीबी लेकर सुबह 9 बजे पहुंचे। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद था। इसके बाद दल ने अवैध भूमि विकास के क्षेत्र को चिन्हित किया इसके बाद कार्यवाही शुरु की। सबसे पहले मनोज ले आउट के मुख्य व्दार व वहां निर्मित केबिन को ध्वस्त किया गया।

इसके बाद सड़क के किनारे की बाउन्ड्रीवाल तोड़ी गई। इसके बाद मुख्य व्दार के पास सड़क को जीर्ण शीर्ण कर दिया। प्रशासन व निगम की यह कार्यवाही लगभग दो घंटे तक चली। इसके बाद अमला वापस लौट गया।

## 16 जून से 15 अगस्त तक नदी-नालों में मछली पकड़ने पर लगा प्रतिबंध

**जगदलपुर ।** वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) को दृष्टिगत रखते हुये उनके संरक्षण के लिए जिले में छत्तीसगढ़ नदीय मत्सयोद्योग अधिनियम-1972 की धारा-3 उपधारा-2 (दो) के तहत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) के रूप में घोषित किया गया है। इस दौरान जिले के समस्त नदियों-नालों व सिंचाई के बड़े या छोटे तालाब, जलाशय में किये जा रहे केज कल्चर के अतिरिक्त सभी प्रकार का मत्स्याखेट 16 जून से 15 अगस्त 2022 तक पूर्णत: निषिद्ध रहेगा।

इन नियमों का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र (संशोधित) अधिनियम के नियम-3 (5) के अन्तर्गत अपराध सिद्ध होने पर एक वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रूपये का जुर्माना अथवा दोनों एक साथ होने का प्रावधान है।

यह नियम केवल छोटे तालाब या अन्य जल स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी नाले से नहीं है, के अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर में लागू नहीं होगा। अन्य प्रांतो से मछली आयात कर विक्रय करने में शासन द्वारा कोई प्रतिबंध नहीं है। ऐसी मछली के परिवहन व विक्रय के दौरान मछली आयात संबंधी पर्याप्त साक्ष्य रखना होगा। जिस राज्य से मछली आयात की गई है, उस राज्य के मछली पालन विभाग द्वारा लागू नियमों का पालन भी सुनिश्चित होना चाहिए।

## पुलिस पुलिस निरीक्षकों के तबादले आदेश पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

**बिलासपुर ।** तबादला आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को राहत देते हुए तबादला आदेश पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही कोर्ट ने आला अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने का निर्देश दिया है। विजय कुमार चेलक, मुकेश सोम एवं राकेश खुटेश्वर ने अधिवक्ता अभिषेक पांडेय व लक्ष्मीन कश्यप के जरिए छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में याचिका दायर कर कहा है कि छत्तीसगढ़ पुलिस स्थापना बोर्ड के निर्णयानुसार पुलिस महानिदेशक रायपुर ने 26 अप्रैल 2022 को एक आदेश जारी कर बस्तर एवं नारायणपुर तबादला कर दिया।



याचिकाकर्ताओं की ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ता अभिषेक पांडेय एवं लक्ष्मीन कश्यप ने छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा तीन जून 2015 को जारी सर्कुलर जिसके पैरा 13 में यह प्रविधान किया गया है कि यदि कोई शासकीय कर्मचारी ने दो वर्ष तक घोर अनुसूचित जिले एवं तीन वर्ष तक कुल पांच वर्ष तक अनुसूचित जिले में अपनी सेवा दिया है तो इसके पश्चात उनका गैर अनुसूचित (गैर नक्सली) जिले में पदस्थापना की जाएगी। चूंकि उक्त सर्कुलर सामान्य प्रशासन विभाग रायपुर द्वारा जारी किया गया है इसलिए यह अन्य विभागों के साथ-साथ पुलिस विभाग पर भी लागू होगा। अधिवक्ता पांडेय ने छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के सिंगल एवं डिवीजन बेंच द्वारा पारित आदेश का हवाला भी दिया है। इसके अलावा अधिवक्ता पांडेय ने यह भी जानकारी दी कि सभी याचिकाकर्तागण अनुसूचित (नक्सली) जिले में पांच वर्ष से अधिक समय तक अपनी सेवाऐं दे चुके हैं इसके बावजूद भी बार-बार याचिकाकर्ताओं का अनुसूचित (नक्सली ) जिले में स्थानांतरण किया जा रहा है जबकि वर्ष 2008 बैच एवं इसके पूर्व के वर्ष 2004 बैच के तकरीबन 100 के लगभग निरीक्षक हैं जिनका आजतलक अनुसूचित (नक्सली) जिले में पदस्थापना नहीं की गई है एवं बार-बार उन्हें मैदानी जिले में पदस्थ किया जा रहा है जो कि सर्कुलर तीन जून 2015 का घोर उल्लंघन है। मामले की सुनवाई जस्टिस दीपक तिवारी के सिंगल बेंच में हुई। प्रकरण की सुनवाई के बाद जस्टिस तिवारी ने याचिकाकर्ताओं को राहत देते हुए डीजीपी द्वारा जारी तबादला आदेश पर रोक लगा दिया है।

## राहुल की मां से मिलने पहुंचे नगर विधायक शैलेश, राहुल के साथ पुरा छत्तीसगढ़ है : नगर विधायक शैलेश

**बिलासपुर ।** बिलासपुर में मंगलवार की रात दो बजे राहुल का अपोलो अस्पताल में इलाज शुरू हुआ। बुधवार की सुबह नौ बजे से रात आठ बजे तक राहुल का हालचाल जानने आला अफसरों से लेकर जनप्रतिनिधियों का अपोलो अस्पताल आने का सिलसिला जारी रहा। शहर विधायक शैलेष पांडेय ने राहुल की मां गीता से मुलाकात की। विधायक ने मां को आश्वस्त किया कि जब तक अपोलो अस्पताल में राहुल का इलाज चलेगा नियमति रूप से देखरेख करेंगे। राहुल बिलासपुर का बेटा बनकर रहेगा।



शहर विधायक शैलेष पांडेय ने राहुल का इलाज कर रहे चिकित्सकों से मुलाकात की व समुचित चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराने कहा है। राहुल की मां गीता से चर्चा करते हुए विधायक ने उनको आश्वस्त किया और कहा कि जब तक राहुल का अपोलो में इलाज चलेगा बिलासपुर का बेटा बनकर रहेगा। मां की हिम्मत बढ़ाते हुए कहा कि आप चिंता मत करिए। राहुल भाग्यशाली व हिम्मती है। धीरज रखना होगा। सब ठीक हो जाएगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित प्रदेशवासियों की दुआएं राहुल के साथ है। शहर विधायक के जाने के कुछ देर बाद जकांछ के प्रदेशाध्यक्ष अमित जोगी स्थानीय पदाधिकारियों के साथ अपोलो पहुंचे। राहुल से मिलने के बाद मां से मुलाकात की व 51 हजार रुपये भेंट किया। बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक रजनीश सिंह ने चिकित्सकों से चर्चा के बाद गहन चिकित्सा कक्ष में राहुल को देखने पहुंचे।

## बाल संप्रेक्षण गृह से फिर भागे तीन अपचारी बालक

**महासमुंद ।** बाल संप्रेक्षण गृह से अपचारी बालकों के भागने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मुख्यालय से लगे बरोंडाबाजार स्थित बाल संप्रेक्षण गृह से मंगलवार को फिर से तीन अपचारी बालक फरार हो गए। घटना की सूचना पर पुलिस उनकी तलाश में जुट गई है।

जानकारी के मुताबिक सुबह साढ़े 4-5 के बीच बाल संप्रेक्षण गृह के तीन अपचारी बालकों ने कमरे के बाहर लगे चैनल गेट का ताला खोला और पीछे की दीवार फांदकर फरार हो गए। बताया जाता है कि तीनों अपचारी बालक महासमुंद जिले के निवासी हैं। इनमें से एक सरायपाली, दूसरा सांकरा और तीसरा महासमुंद ब्लॉक के निवासी हैं जो अलग-अलग मामलों में बाल संप्रेक्षण गृह लाए गए हैं। तीनों की उम्र 15-17 साल की है।

उक्त तीन अपचारी बालकों में एक तीसरी बार बाल संप्रेक्षण गृह से फरार हुआ है। घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई है। थाना प्रभारी सिद्धेश्वर प्रताप सिंह ने बताया कि संप्रेक्षण गृह के कर्मचारियों की सूचना पर सांकरा और सरायपाली थाने में भी जानकारी साझा की गई है। पुलिस फरार अपचारी बालकों की तलाश में जुटी है।

## नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ में करैहापारा स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला करैहापारा रतनपुर में आज से शुरू हो रहा नया शिक्षा सत्र शाला के शिक्षकों ने किया नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत मनाया प्रवेश उत्सव नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ में करैहापारा स्कूल मे शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया जिसमे शिक्षा के महत्व को समझाते नई ऊर्जा और नए संकल्प के साथ शिक्षादान के कार्य में पूरे समर्पण के साथ शिक्षको को जुट जाने की अपील उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने किया इस




अवसर में नव प्रवेशित बच्चों का स्वागत करके सभी को पुस्तक प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन भी किया गया मुख्यमंत्री के संदेश में कोरोना संक्रमण और लॉकडाउन के कारण विगत 2 वर्षों में नियमित शालाएं गतिविधियां प्रभावित हुई हैं। लेकिन हमने यह सुनिश्चित किया है कि किसी भी स्थिति में बच्चों के पढ़ने और बढ़ने में कोई बाधा न आए और उनका साल खराब न जाए उन्होंने कहा कि नए शिक्षा सत्र 2022 की शुरुआत हम बहुत उम्मीदों के साथ कर रहे हैं कि इस वर्ष नियमित शालाएं संचालित हों, साथ ही पिछले सत्रों में हुए नुकसान की भरपाई भी हो सके नए सत्र के साथ हम नए कार्यों का आगाज भी कर रहे हैं।



## हल्की सी हवा चली नही कि पाली की बिजली गुल...!

### विद्युत विभाग की लचर व्यवस्था ने किया सभी को परेशान, लोगों में बढ़ रहा आक्रोश

कोरबा/पाली । विद्युत वितरण विभाग पाली के अधिकारीयों-कर्मचारियों की मनमानी से लोग काफी परेशान दिखाई दे रहे है। बिजली बंद का कोई निश्चित समय नही है और हर एक- दो घँटे के अंतराल में जब चाहे तब बिजली बंद कर दी जा रही है




। जिस समस्या से लोग जूझ रहे है। बिजली विभाग द्वारा मेंटेनेंस व नए केबल लाईन के नाम पर 06 माह पूर्व बिजली बंद किया जाता रहा है किंतु जैसे ही गर्मी शुरू हुई वैसे ही बिजली विभाग की सारी पोल खुलकर रह गई है। क्षेत्र में सबसे गंभीर समस्या यदि है तो वह है विद्युत की समस्या जिसका सुधार न हो पाना काफी चिंतनीय है। कभी इंसुलेटर फाल्ट तो कभी जंफर उड़ना और कभी केबल टूटना जैसे समस्या बताते हुए असमय बिजली बंद कर दी जाती है और जब विद्युत अधिकारी अथवा कर्मचारियों से विद्युत समस्या के बारे में पूछा जाता है तब उनका रटा- रटाया जवाब कि फाल्ट सुधार चल रहा है तथा भारी-भरकम व्यस्तता का हवाला देकर फोन काट देते है। वर्तमान भीषण गर्मी में जहां लोग कूलर- पंखे के सामने रहना पसंद कर रहे है, लेकिन सही तरीके से उन्हें विद्युत का लाभ न मिल पाने के कारण उमस भरे मौसम से वे परेशान है। वही प्री मानसून की दस्तक हो ही चुकी है और आने वाले दिनों में पूर्ण बरसात का मौसम भी आ जाएगा, तब जमीन पर रेंगने वाले विषैले जीव- जंतु का भी खतरा बढ़ जाएगा। ऐसे में बिजली का हाल इसी तरह रहा तो रात्रि के समय यह खतरा दुगुना रहेगा।

### ग्रामीण क्षेत्रो में बिजली की हालत दयनीय

ग्रामीण इलाकों में तो बिजली का हाल ही बेहाल है और सुधार व्यवस्था भी दयनीय है जिसके कारण ग्रामीण वर्ग ज्यादातर लालटेन युग मे जीवन बिताने को मजबूर है। ग्रामीण क्षेत्र की बिजली यदि एक बार चली जाए तो कई- कई दिनों तक दर्शन ही नही होते और गांव के लोगों को चिमनी की रोशनी में रात गुजारनी पड़ती है। और अगर बिजली रहे भी तो लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। जिससे इलेक्ट्रॉनिक्स सामान या तो जल्दी खराब हो जाते है या फिर शो पीस बनकर रह जाते है। जिसके निदान के लिए विद्युत विभाग कभी गंभीर नही दिखा।

### व्यवसाय पर पड़ रहा असर

बिजली की आवाजाही से व्यापारियों के व्यवसाय पर भी इसका असर देखने को मिल रहा है। फोटोकॉपी सेंटर, हालर मिल, होटल, शासकीय कार्यालयों, बैंक जैसे संस्थान में इसका सीधा असर पड़ रहा है। नगर में केबलिंग का कार्य तो 06 माह पूर्व पूर्ण किया जा चुका है और तब जिससे लोगों को लग रहा था कि अब बिजली समस्या से निजात मिलेगी लेकिन लोगों की सोच सही साबित नही हो पाई और समस्या जस की तस बनी हुई है। जिसे लेकर व्यवसायी वर्ग आक्रोशित है।

### पानी की नही हो पा रही ढंग से सप्लाई

पाली में बिजली का ऐसा आलम देखने को मिल रहा है कि पानी की सप्लाई ठीक ढंग से नही हो पा रही है और विद्युत आवाजाही से लोगों के दिनचर्या में असर पड़ रहा है। सुबह के समय यदि बिजली बंद हो जाए तो पूरे नगर में पानी की सप्लाई नही हो पाता और फिर पानी के लिए लोगो को जद्दोजहद करते देखा जाता है। विद्युत विभाग को इस समस्या से अवगत भी कराया गया है लेकिन विभाग भैंस के आगे बिन बजाए- भैंस खड़ी पोगराए की कहावत को चरितार्थ करने में लगी हुई है।

### आखिर कब सुधरेगी नगर की विद्युत व्यवस्था..?

पाली नगर के लिए विद्युत की समस्या कोई नई बात नही है। पहले भी यहां बिजली की समस्या से नगरवासियों को जूझना पड़ रहा था और आज भी उक्त समस्या बरकरार है। बिजली सुधार को लेकर अनेक जनप्रतिनिधि भी प्रयास कर चुके है लेकिन इससे अभी तक निजात नही मिल पाया। बिजली समस्या को लेकर अब नगरवासी कड़े आंदोलन करने की बात कह रहे है। आखिर इस समस्या से नगर को कब निजात मिल पाएगा..?

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, शुक्रवार 17 जून 2022

# कुपोषण की दर न्यूनतम रखने करनी होगी नियमित मॉनिटरिंग-कलेक्टर भीम सिंह

## कलेक्टर भीम सिंह ने ली महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर भीम सिंह ने सृजन सभाकक्ष में महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने विभाग द्वारा सुपोषण अभियान के साथ ही अन्य विभागीय योजनाओं के मासिक प्रगति की समीक्षा की।



कलेक्टर सिंह ने कहा कि बच्चों में कुपोषण मुक्ति जीवन शैली से जुड़ी समस्या है। जिसके निदान के लिए पोषण आहार के साथ-साथ जीवन शैली में अहम बदलाव जरूरी है। ऐसे में कुपोषण की दर को न्यूनतम रखने के लिए नियमित मॉनिटरिंग किया जाना भी अत्यंत आवश्यक है, ताकि कुपोषण से मुक्त हुआ बच्चा एक स्वस्थ जीवन बिताये। इसके साथ ही गर्भवती व एनिमिक महिलाओं की भी खास देखरेख की जानी है। उन्होंने कहा कि बच्चों में कुपोषण को दूर व गर्भवती माताओं व एनिमिक महिलाओं के सेहत के लिए जिला प्रशासन द्वारा डीएमएफ से लगभग 10 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जा रही है। हितग्राहियों को इन प्रयासों का अधिकतम लाभ मिले यही हमारी कोशिश होनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि कुपोषण मुक्ति के लिए जिले के सभी सेक्टरों में अच्छा काम हुआ है। घरघोड़ा तथा बरमकेला सेक्टर को अपने परिणाम बेहतर करने की जरूरत है। उन्होंने इन सेक्टर के सीडीपीओ व सुपरवाईजर को विशेष रूप से सुपोषण अभियान में कार्य करने के निर्देश दिए। इसके लिए जो बच्चे कुपोषित है, उनके घर-घर जाए उनके पालकों से मिलकर उनकी काउंसिलिंग करें एवं बच्चों के उचित खानपान के लिए निर्देशित करें। ताकि बच्चों के सेहत में तेजी से ग्रोथ हो सके।

इस दौरान कलेक्टर सिंह ने आंगनबाड़ियों के संचालन पर भी चर्चा की। उन्होंने सभी रिकार्ड अपडेटेड रखने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ियों में रेडी टू ईट का भण्डारण व्यवस्थित तरीके से करने के लिए कहा। साथ ही सब्जियों तथा अण्डों की सप्लाई के लिए गौठानों से लिंकेज भी पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों को गैस कनेक्शन दिए जायेंगे। जिससे पोषण आहार तैयार करने में समस्या न हो। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जिन आंगनबाड़ी केन्द्रों में रनिंग वाटर सप्लाई का कार्य अपूर्ण है उसे भी जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने सुपोषण अभियान के लिए किए गए कार्यों की सेक्टरवार समीक्षा की। उन्होंने कम प्रगति वाले 10 आंगनबाड़ियों के सुपरवाईजर से कारणों की जानकारी ली। इन आंगनबाड़ी केन्द्रों में पिछले माह के मुकाबले कुपोषण दर में कमी नहीं दिखी है वहां की विस्तृत जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश कलेक्टर श्री सिंह ने विभागीय अधिकारियों को दिए। इस दौरान महिला बाल विकास अधिकारी टी.के.जाटवर, समस्त सीडीपीओ, सेक्टर सुपरवाईजर, कार्यकर्ता सहित विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### एनआरसी में सभी बेड भरे हो

कलेक्टर सिंह ने सेक्टरवार मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत कुपोषित बच्चों एवं शिशुवती, एनीमिक किशोरी एवं महिलाओं की जानकारी ली। जिस पर विभागीय अधिकारी ने बताया कि नियमित गरम भोजन एवं रेडी टू ईट से प्रदाय किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने एनआरसी की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी एनआरसी में उपलब्ध सभी बेड में बच्चों की भर्ती होनी चाहिए, अन्यथा सुपरवाइजर पर कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर सिह ने पूरक पोषक आहार के रख रखाव, रेडी टू ईट, सुपोषण अभियान का लाभ, रजिस्टर, साफ सफाई जैसे कार्यो के निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

### हिमोग्लोबिन जांच के लिए लगायें स्वास्थ्य शिविर

कलेक्टर सिंह ने कहा कि गर्भवती माताओं की हिमोग्लोबिन की जांच की जाए। इसके लिए उन्होंने गांवों में विशेष शिविर लगाने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए। उन्होंने कहा कि जिन गर्भवती माताओं का हिमोग्लोबिन 9 ग्राम से कम हो उनका विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। उनकी सेहत के देखभाल के साथ उन्हें पूरक एवं पौष्टिक आहार नियमित रूप से उपलब्ध कराना है। जिससे नवजात शिशुओं को कुपोषित होने से बचाया जा सके। उन्होंने गर्भवती माताओं को आंगनबाड़ी में गरम भोजन प्रदान करने के निर्देश दिए।

### बाल संदर्भ शिविर के लिए स्वास्थ्य विभाग उपलब्ध करवायेगा दवाईयां

*कलेक्टर भीम सिंह के निर्देश पर जिले में बाल संदर्भ शिविर लगाकर बच्चों के नियमित रूप से जांच की जा रही है। जिसके आधार पर बच्चों की जरूरत के हिसाब से दवायें व प्रोटीन कैल्शियम की खुराक भी दी जाती है। कलेक्टर श्री सिंह ने गत माह लगे बाल संदर्भ शिविर के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि शिविर में उपचार के लिए लाने वाले बच्चों के लिए आवश्यक सभी दवाईयों का इंतजाम करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए।*

## एक नजर

### साई बाबा मंदिर के पास बिजली की करंट की चपेट में आने से गाय की हुई मौत

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



कोटा नगर के पड़ाव पारा के साई बाबा मंदिर के पास बिजली की करंट की चपेट में आने से एक गाय की मौत हो गयी। स्थानीय लोगो ने बिजली विभाग को इसकी जानकारी दी जिसके बाद बिजली बंद की गई। मिली जानकारी के अनुसार कोटा नगर के पड़ावपारा के साई बाबा मंदिर के पास बिजली के खम्बे में अचानक करंट फैल गया। जैसे ही गाय बिजली के खम्बे के पास पहुँची वैसे ही वह करंट की चपेट में आ गयी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना बिजली विभाग को दी जिसके बाद बिजली को बंद किया गया जिसे और कोई उस खम्बे की चपेट में ना आ जाये। कल रात को कोटा सहित आसपास के क्षेत्रों में रुक रुक कर बारिश हो रही थी शायद इसी वजह से खम्बे में करंट फैला हुआ था और गाय उसके संपर्क में आ गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी।

### सहायक परियोजना अधिकारी की भर्ती प्रक्रिया निरस्त

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार सहायक परियोजना अधिकारी एक पद संविदा नियुक्ति किया जाना था। गत दिवस आयोजित चयन समिति की बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार सहायक परियोजना अधिकारी की भर्ती प्रक्रिया को निरस्त किया गया है। जिसे कार्यालय जिला पंचायत रायगढ़ के सूचना पटल एवं जिले के वेबसाईट में अवलोकन कर सकते है।

### प्री.बी.ए.बी.एड./प्री.बी.एस.सी.बी.एड. एवं प्री.बी.एस.सी.नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा 19 जून को

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 19 जून 2022 को प्री.बी.ए.बी.एड./प्री.बी.एस.सी.बी.एड. एवं प्री.बी.एस.सी.नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। जिसमे प्रथम पाली में प्री.बी.ए.बी.एड./ प्री.बी.एस.सी.बी.एड.परीक्षा पूर्वान्ह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक एवं द्वितीय पाली में प्री.बी.एस.सी.नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। कलेक्टर श्री भीम सिंह ने परीक्षा के सफल संचालन हेतु अपर कलेक्टर श्री आर.ए.कुरूवंशी को नोडल अधिकारी तथा प्रधान पाठक श्री रामकुमार चौहान को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### ग्राम चितवाही एवं कोलम के निजी भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

खरसिया से धरमजयगढ़, घरघोड़ा से डोंगा महुआ (स्पर लाइन)0-28 कि.मी. (पूरक-IV)प्रकरण अनुविभाग घरघोड़ा ग्राम चितवाही एवं कोलम निजी भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही भारतीय रेल अधिनियम 1989 (संशोधित)के अनुसार की जा रही है। इस संदर्भ में जो कृषक दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते है तो अपनी आपत्ति न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व घरघोड़ा में एसडीएम घरघोड़ा को 24 जून 2022 पूर्वान्ह 11 बजे स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि या अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है।

### स्नान के बाद अब भगवान हुए बीमार

**महासमुंद।** देवस्नान पूर्णिमा में मंगलवार को स्थानीय श्री राम जानकी मंदिर में महाप्रभु जगन्नाथ, बहन सुभद्रा एवं बड़े भाई बलभद्र को महास्नान कराया गया। स्नान बाद मान्यता के अनुसार भगवान अब बीमार हो गए हैं। जिससे मंदिर के पट अगले 16 दिनों तक बंद हो गए हैं। भक्त सीधे 1 जुलाई को दर्शन करेंगे। इस बीच पुजारी भगवान को स्वस्थ करने के लिए काढ़ा पिलाएंगे। श्रीराम जानकारी मंदिर के पुजारी आचार्य नारायण दास वैष्णव ने बताया कि मंगलवार को विधि-विधान से स्नान कराने के बाद पूजा-अर्चना की गई। बाद मंदिर के पट बंद कर दिए।

## भाजपा अनुसूचित जाति जिलाध्यक्ष आईसीयू में भर्ती मरीज को रक्तदान कर दिया मानवता का परिचय

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



भाजपा अनुसूचित जाति जिलाध्यक्ष मोहन कुर्रे ने मानवता का परिचय देते हुए आज जिला अस्पताल आईसीयू में भर्ती मरीज ग्राम छवारीपाली डभरा के मरीज को रक्त की आवश्यकता पड़ी जिस पर युवा संकल्पी कार्यकर्ता संजीव लहरें ने कॉल कर जैसे ही सूचना दी मोहन कुर्रे ने तुरंत संज्ञान में लेते हुए जिला अस्पताल ब्लड बैंक पहुंच गए एवं उन्होंने रक्तदान करते हुए बताया कि रक्तदान से बढ़कर दुनिया में कोई दान नहीं है आपके द्वारा किया गया रक्तदान न जाने कितने लोगो का जिंदगी बचा सकता है। इसलिए हमे आगे आकर रक्तदान करना चाहिए रक्तदान हर स्वस्थ व्यक्ति को करना चाहिए खासकर जिनकी उम्र 18 से 55 वर्ष है और जिनका वजन 50 से ऊपर है वो व्यक्ति रक्तदान कर सकते है किन्तु हम सभी पढ़े लिखे समाज के लोग है और एक दूसरे के सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। लेकिन भी पढ़े लिखे हमारे समाज के लोग रक्तदान करने के लिए कई भ्रम पाले हुए हैं। इस भ्रम को दूर कर समाज के सभी रक्तविरो द्वारा रक्तदान करने के लिए जागरूक करने की आवश्यकता है। रक्तदान करना महान कार्यों में से एक है इसे बार बार किया जा सकता है यह मानवता के एकता को उजागर करता है इसलिए जरूरी है कि इस मानवहित कार्य में अपनी इंसानियत जिंदा रखते हुए समाज के सभी लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। आज के युग में हर समस्या का विकल्प ढूंढ़ निकाला जा रहा है लेकिन हमारे शरीर के खून का कोई विकल्प नहीं है ए खून की कमी को केवल रक्तविर के द्वारा ही पूर्ति की जा सकती है इसलिए हर सक्षम व्यक्ति को रक्तदान देकर पीड़ित व्यक्ति की जिंदगी बचाई जा सकती है।

रायगढ़ जिले में हुआ शाला प्रवेशोत्सव-2022 का वृहद शुभारंभ

## मुख्यमंत्री बघेल ने दी नए शिक्षा सत्र और शाला प्रवेशोत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

शाला प्रवेशोत्सव-यानि उत्सव नौनिहालों के प्रवेश का। जिला प्रशासन व स्कूल शिक्षा विभाग रायगढ़ के तत्वाधान में नौनिहालों के शाला प्रवेश के दिवस को उत्सव के रूप में मनाने व बच्चों के प्रवेश को यादगार बनाने हेतु जिले के शासकीय नटवर स्कूल प्रांगण में जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव-2022 का वृहद आयोजन के साथ शुभारंभ किया गया। इस वर्ष का शाला प्रवेशोत्सव 16 जून से 15 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। प्रवेशोत्सव का वर्चुअल शुभारंभ मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम से किया। इस अवसर पर वहां स्कूली शिक्षा मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम, उच्च शिक्षामंत्री श्री उमेश पटेल, गृहमंत्री श्री ताम्रध्वज साहू, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया भी उपस्थित रहे।

नवीन शैक्षणिक सत्र 2022-23 की शुरुआत एक उत्सव के







रूप में हो व बच्चों में पालकों के लिए यह दिन विशेष तौर पर यादगार बन सके इस हेतु जिले, विकासखंड, संकुल व विद्यालय स्तर पर क्षमता अनुसार शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। शाला प्रवेशोत्सव के जिला स्तरीय कार्यक्रम में विधायक रायगढ़ श्री प्रकाश नायक, कलेक्टर भीम सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रायगढ़ निराकार पटेल, महापौर जानकी काटजू, सभापति जयंत ठेठवार शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री के संदेशों के वाचन के बाद नवप्रवेशित बच्चों का अभिनंदन बड़े हर्षोल्लास के साथ उनका तिलक-वंदन कर मिठाई, गुलाल, पुस्तक एवं गणवेश वितरण कर सम्मान व स्वागत के साथ किया गया।

### वर्चुअल कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने दी नए शिक्षा सत्र की बधाई व शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज शुरू हुए नए शिक्षा सत्र और शाला प्रवेश उत्सव के पावन अवसर पर वर्चुअल जुड़ते हुए सभी को गाढ़ा-गाढ़ा बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ शाला प्रवेशोत्सव को सार्थक बनाते हुए नई ऊर्जा और नए संकल्प के साथ शिक्षा दान के कार्य में पूरे समर्पण के साथ जुड़ जाएंगे और सभी मिलकर शिक्षित छत्तीसगढ़ बनाने में भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि कोरोना संक्रमण और लॉकडाउन के कारण विगत 2 वर्षों से नियमित शाला गतिविधियां प्रभावित हुई हैं लेकिन हमने यह सुनिश्चित किया है कि किसी भी स्थिति में बच्चों के पढ़ने और बढ़ने में कोई बाधा ना आए और उनका साल खराब ना जाए। उन्होंने कहा कि नए शिक्षा सत्र-2022 की शुरुआत हम बहुत उम्मीदों के साथ कर रहे हैं, इस वर्ष नियमित शालाएं संचालित हों, साथ ही पिछले सत्रों में हुए नुकसान की भरपाई भी हो सके। उन्होंने उम्मीद जताई है कि नवाचार और नई प्रौद्योगिकी अपनाने का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

## सीईओ जिला पंचायत मिश्रा ने किया राबो गोठान का निरीक्षण

शास.प्राथमिक शाला भी पहुंचे, शिक्षा की गुणवत्ता परखने विद्यार्थियों को पूछे सवाल



जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा ने आज जनपद पंचायत तमनार के राबो गोठान का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने महिला समूह द्वारा गौठान में किए जा रहे गतिविधियों को देखा। उन्होंने गोबर खरीदी, वर्मी खाद, चारा एवं सब्जी उत्पादन की जानकारी ली। उन्होंने गौठान संचालन समेत गौठान से हो रहे फायदों पर महिलाओं से जानकारी ली। इसी क्रम में उन्होंने ग्राम पंचायत राबो स्थित शासकीय प्राथमिक शाला का भी आकस्मिक निरीक्षण किया। सीईओ श्री मिश्रा ने शाला के भौतिक स्थिति का जायजा लेते हुए विद्यार्थियों से शिक्षा की गुणवत्ता परखने के उद्देश्य से सवाल किए जहां विद्यार्थियों ने समझदारी से जवाब दिया। उन्होंने विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण एवं सफाई रखने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान स्कूल के सभी शिक्षक उपस्थित रहे। इस मौके पर सीईओ जनपद तमनार, एसएडीओ, एसएचडीओ एवं संबंधित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



## नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने 2014 से अब तक अभूतपूर्व प्रगति की 8 सालों में देश ने विकास के नए आयाम को छुआ- गुरुपाल भल्ला

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने आठ साल पूरे होने पर बीजेपी कार्यकर्ताओं ने इसके उपलक्ष्य में सुशासन गरीब कल्याण योजना के तहत कार्यकर्ताओं एवं योजनाओं से लाभान्वित हुए हितग्राहियों का सम्मेलन करा रही है।इस मौके पर केंद्र की मोदी सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के लाभार्थी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। बुधवार को जिले के महादेवडांड में केंद्र में मोदी सरकार के आठ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में सुशासन गरीब कल्याण योजना का जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में प्रदेश सहित जिले के बीजेपी के नेता शामिल हुए। इस मौके पर मुख्य रूप से अजजा आयोग के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदकुमार साय, बिलासपुर संभाग प्रभारी कृष्ण कुमार राय,जिला प्रभारी गुरुपाल भल्ला, सह प्रभारी रामकिशुन सिंह,शिवशंकर पैंकरा,रायमुनी भगत जिला पंचायत अध्यक्ष,जिला





पंचायत उपाध्यक्ष उपेंद्र यादव,रोहित साय जिला अध्यक्ष,सुनील गुप्ता महामंत्री, सालिक साय डीडीसी,शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को जिला जशपुरनगर के प्रभारी गुरुपाल भल्ला ने कहा की देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने आठ वर्ष पुरे किए इन आठ साल में सेवा सुशासन और गरीबों के कल्याण के लिए समर्पित रहा।उन्होंने कहा की देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश हित में कई ऐतिहासिक फैसले लिए गए। जनसभा को संबोधित करते हुए भल्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने 2014 से अब तक अभूतपूर्व प्रगति की है। इन 8 सालों में देश ने विकास के नए आयाम को छुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण को महत्व देते हुए कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की और उनका क्रियान्वयन भी सुनिश्चित किया । प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, किसान मृदा कार्ड, उज्ज्वला, सौभाग्य, किसान क्रेडिट कार्ड, गरीब अन्न कल्याण जैसी गरीब कल्याणकारी कई योजनाएं प्रारंभ की गई। कोरोना काल में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दी गई। प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, किसान मृदा कार्ड, उज्ज्वला, सौभाग्य, किसान क्रेडिट कार्ड, गरीब अन्न कल्याण जैसी गरीब कल्याणकारी कई योजनाएं प्रारंभ की गई। कोरोना काल मे 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दी गई। आगे उन्होंने कहा कि क्या इस देश का गरीब कभी सोच सकता था कि उसे सरकार की तरफ से मुफ्त पक्का आवास, गैस चूल्हा, बिजली, नल जल के माध्यम से शुद्ध जल, शौचालय, आयुष्मान कार्ड के माध्यम से 5 लाख तक निशुल्क इलाज की सुविधा भी मिल सकती है। प्रधानमंत्री स्व निधि के तहत 29.6 लाख रेहड़ी पटरी वालो को ऋण दिया गया है। जनसभा का संचालन जिला महामंत्री सुनील गुप्ता ने व आभार प्रदर्शन महादेवडांड़ मण्डल अध्यक्ष लखु राम ने किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रूपेश सोनी, डीडीसी सालिक साय, डीडीसी रीना बरला, आईटी सेल सरगुजा संभाग प्रभारी पवन शर्मा, स्वदेशी जागरण मंच के रायगढ़ जिला संयोजक अभिषेक शर्मा, सांसद प्रतिनिधि मनीष गांधी, किसान मोर्चा अध्यक्ष मुनेश्वर सिंह केसर, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष केशव यादव, विजय शर्मा, रजनी प्रधान, रेणु विश्वास, बीडीसी दीपक नागेश, बलराम भगत, विनोद गुप्ता, कुंवर साय, महेश यादव, चुनमुन गुप्ता, बिलाषु राम, प्यारो बाई, नरेंद्र राम, प्रतीक सिंह, लखेश्वर राम, मुनु राम , नीतू गुप्ता, सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# छत्तीसगढ़ हज कमेटी के माध्यम से 20 को रवाना होंगे मुंबई-हज जायरीन

## 40 दिन मक्का मदीना में रह कर पूरा करेंगे हज का अरकान

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के माध्यम से छत्तीसगढ़ से जाने वाले हज यात्रियों का पहला जत्था 24 जून को मुंबई से रवाना होगा जिसमें रायगढ़ जिला के धरमजयगढ़ की सरजमीन से इस बार 12 हज जायरीन 20 जून को दूरंतो एक्सप्रेस से बिलासपुर से मुंबई के लिए रवाना हो रहे हैं।



विदित हो कि हर मोमिन चाहता है कि जीवन में एक बार उसे हज यात्रा करने का मौका मिले और मक्का मदीना पहुंच कर अल्लाह के घर खाना ऐ काबा का दीदार करना नसीब हो, कहते है जिसे चाहा दर पर बुला लिया यह बड़े नसीब कि बात है यह बड़े करम के फैसले है, हज में जाने वाले जायरीन अल्लाह के मेहमान एवं नसीबदार होते हैं। धरमजयगढ़ से हज कमेटी के माध्यम से चयनित हज यात्रियों कि सूची में इस बार कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष यूसुफ छाया उनकी अहिल्या परवीन मेमन, सलीम मेमन अहिल्या मुमताज मेमन, सफिउल्लाह खान अहिल्या अफसरी बेगम, अब्दुल कादिर रिजवी, सराफत खान, वालिदा जमिला खातून बहन तरन्नुम खातून का नाम शामिल है। 2 वर्ष के करोना काल के बाद एक बार फिर इस वर्ष हज यात्रा चालू हो सका है जाने वाले यात्रियों के लिए कोविड के सभी नियमों का पालन करते हुए इस बार विशेष सतर्कता बरती गयी है करोना के कारण ही सऊदी अरब सरकार द्वारा हज करने वाले यात्रियों की संख्या में काफी कटौती की गयी है। धरमजयगढ़ से हज यात्रा में जाने वाले जयरिनों का धरमजयगढ़ मुस्लिम इंतेजामिया कमेटी स्थानीय समाज के प्रमुख, दोस्त, अहबाब, रिश्तेदार सहित अन्य धर्मालम्बियों ने भी इस्तेकबाल करते हुए हज की मुबारकबाद दी है तथा हज का सफर आसान तथा हज के सभी अरकान खुशी के साथ पूरा कर अपने वतन सकुशल लौटने की मनोकामना की है। जायरिनों ने अल्लाह का शुक्र अदा करते हुए गुमबदे खदरा खाना ऐ काबा में सलाम अर्ज कर अपने मुल्क सूबे में अमन, शांति, आपसी भाईचारा, खुशयाली, तरक्की के लिए दुआ खैर करने की बात कही है।

# मोटरसाइकिल सवार अनियंत्रित होकर गिरे

### 3 गंभीर रूप से घायल

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



कोटा बिलासपुर मार्ग के ग्राम पीपर तराई के बस स्टैंड के पास एक मोटरसाइकिल में सवार तीन लोग अनियंत्रित होकर गिर गए। जिससे दो लोगों को गंभीर रूप से चोट आई है तो वही एक को मामूली चोटें आई हैं। स्थानीय लोगो ने इसकी सूचना कोटा थाना की डायल 112 को दी जिसके बाद कोटा थाना की डायल 112 घटना स्थल पर पहुँचकर घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोटा लाकर भर्ती कराया। मिली जानकारी के अनुसार चंदन रात्रे पिता संतोष रात्रे उम्र 24 वर्ष व शत्रुघ्न रात्रे पिता रमेश रात्रे उम्र 20 वर्ष जरहाभाठा बिलासपुर सहित प्रियंका डहरे पिता दुर्गेश डहरे उम्र 16 वर्ष यह तीनों कोटा से बिलासपुर जा रहे थे कि जब यह लोग ग्राम पीपर तराई के पास पहुँचे ही थी कि मोटरसायकिल से अनियंत्रित खो दिए जिससे तीनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घटना के पश्चात स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी सूचना कोटा थाना की डायल 112 को सूचना मिलते ही डायल 112 के आरक्षक आशीष वस्त्रकार व चालक तत्काल घटना स्थल पर पहुँचकर घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोटा लाकर भर्ती कराया जहाँ डॉक्टर ने घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए सिम्स बिलासपुर रिफर कर दिया।

## कोरिया जिले में अब तक 10.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**कोरिया** । भू अभिलेख शाखा के अधिकारियों ने आज यहाँ बताया कि जिले के सभी तहसीलों में 24 घण्टे के दौरान 7.4 मि. मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस दौरान सर्वाधिक 13.0 मि.मी. औसत वर्षा बैकुण्ठपुर तहसील में दर्ज की गई है। इसे मिलाकर पूरे जिले में जून से अब तक 10.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज़ की गई है। उन्होंने बताया कि 01 जून 2022 से 16 जून 2022 तक बैकुण्ठपुर तहसील में 14.4, सोनहत तहसील में 17.9, मनेन्द्रगढ़ तहसील में 13.1, खड़गवां तहसील में 13.3, चिरमिरी तहसील में 0.9, भरतपुर तहसील में 7.1 एवं केल्हारी तहसील में 5.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई।

# फर्जी दस्खत के सहारे आदिवासियों को ठगने की तैयारी

### मामला धरमजयगढ़ से कापू रोड के जनसुनवाई एवं ग्राम सभा की

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

जनसुनवाई एवं ग्राम सभा स्वीकृति कराने गुमराह कर हस्ताक्षर कराया जा रहा है। धरमजयगढ़ से मिरिगुड़ा, बंधनपुर कापू मार्ग कुल लम्बाई 32.596 मीटर का उन्नयन एवं पुनर्निर्माण किया जाना है। जिसके लिए 94.79 करोड़ स्वीकृत किया गया है। कार्य का आदेश 24 जून 2020 को हुआ है जिसे 20 माह में पूर्ण करना था। उक्त मार्ग का ठेका मे एसकेएलएल पीएस बी ई पी एल जे व्ही को मिला है। जिसके परियोजना प्रबंधक अरुण अग्रवाल हैं। उक्त मार्ग के लिए प्रभावित




गांवों की जनसुनवाई में समर्थन एवं ग्राम सभा में सहमति प्रस्ताव पास होना जरूरी है। जो ठेका कम्पनी द्वारा दिसम्बर 2021 में किया गया, लेकिन जनसुनवाई में समर्थन नहीं मिला, वहीं ग्राम सभा में भी सहमति नहीं हुई थी। जिसे अब कम्पनी के कर्मचारियों द्वारा फर्जी तरीके से गांव में घूम घूम कर हस्ताक्षर कराया जा रहा है। पता चला है कि इसके लिए शासकीय कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधियों को माध्यम बनाया जा रहा है। जब इस बारे में जानकारी लेने के लिए परियोजना प्रबंधक अरुण अग्रवाल से फोन से कई बार संपर्क किया तो मीटिंग में हूँ कह कर फोन काट दिया जाता है। विकासखंड धरमजयगढ़ वनांचल क्षेत्र है जहां ज्यादा संख्या में आदिवासी निवासरत हैं। जिन्हें गुमराह कर दिया जा रहा है। क्षेत्र के विधायक को अब इस मामले में संज्ञान लेना चाहिए। वहीं कार्य अवधि पूरा होने के कई महीने बीत जाने के बाद भी काम अधूरा है।

# केशला हाई स्कूल में धूमधाम से मनाया शाला प्रवेश उत्सव

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।

शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल केशला में 16 जून 2022 को भव्य शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लखन लाल सारथी शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्थायी समिति पदेन अध्यक्ष जनपद पंचायत लैलूंगा के रहे। मुख्य अतीथ्य में मां सरस्वती की प्रतिमा में दीप, पुष्प चढ़ा कर प्रारंभ किया गया। तत्पश्चात समस्त उपस्थित विद्यार्थियों को तिलक



चंदन लगाकर स्वागत तथा सम्मान किया गया। अतिथियों के द्वारा सभी बच्चों को पाठ्यपुस्तक वितरित की गई। वहीं सारथी ने अपने उद्बोधन में बच्चों को अच्छी शिक्षा प्राप्त हो एवं विद्यालय में अनुशासन बनाये रखने तथा मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही।

कार्यक्रम में शाला के प्राचार्य एवं शत प्रतिशत शिक्षक शिक्षिका गण की उपस्थिति रही। अंतिम में प्रचार्य के द्वारा सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बच्चों को शाला प्रवेश उत्सव की बधाई व शुभकामनाएं दी गई जिसके बाद कार्यक्रम की समापन की घोषणा की गई।

## एक नजर

### मुकडेगा हाई स्कूल प्रांगण में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।



विकासखंड लैलूंगा क्षेत्र अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुकडेगा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। आयोजित शाला उत्सव कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा उपस्थित छात्र-छात्राओं को पुस्तक का भी वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित युवा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष हृदय राम दाऊ ने समस्त छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के दौरान कमलेश्वर दीवान सुमन चौहान टीपी प्रधान, डूंग डुंग,पोर्ते आदि सहित शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### नवीन तहसील मुकडेगा को लेकर 13 ग्राम पंचायत के ग्रामीणों जताई आपत्ती

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।



इन दिनों रायगढ़ जिले के विकास खण्ड लैलूंगा अंतर्गत ग्राम मुकडेगा को नवीन तहसील बनाये जाने को लेकर राजपत्र के आदेश के संबंध में दावा आपत्ती के बारे में दो अलग-अलग राजस्व निरीक्षक मण्डल मुकडेगा एवं केशला को राज्य शासन ने नवीन तहसील बनाये जाने को लेकर शासन-प्रशासन ने राजपत्र में आदेश पारित किया गया है। जहां दावा आपत्ती के लिए निर्धारित समय सीमा के भीतर क्षेत्र की जनता से दावा आपत्ती करने को कहा गया है। जिसके मद्देनजर नवीन तहसील मुकडेगा के अंतर्गत आने वाले लगभग 13 ग्राम पंचायतों के पंच-सरपचों के साथ सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण लैलूंगा तहसील कार्यालय पहुंचकर आपत्ती जताया गया है। ग्रामीणों का कहना है की मुकडेगा आने-जाने के लिए उन्हें लैलूंगा होकर आना-जाना करना पड़ेगा जो की काफी लम्बी दूरी तय करने पर मुकडेगा पड़ेगा इसलिए उन्हें लैलूंगा तहसील में ही यथावत रखा जाये। जिसे लेकर दिनांक 15 जून 2022 दिन बुधवार को ग्रामीणों तहसीलदार लैलूंगा को लिखित में ज्ञापन देकर अपनी आपत्ती दर्ज कराया गया है। अब यह देखना होगा की ग्रामीणों की दावा आपत्ती पर शासन-प्रशासन की ओर से क्या निर्णय लिया जाता है इसे तो वक्त ही तय करेगा।

### अलग-अलग सड़क हादसे में दो की मौत

**महासमुंद** । अलग-अलग सड़क हादसे में दो की मौत हो गई और तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं सिरपुर मार्ग के ग्राम फुसेराडीह के पास बोलेरो के टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया। घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। इधर, पुलिस ने आरोपी वाहन चालकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। सरायपाली थाना प्रभारी आशीष वासनिक ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-53 ग्राम परसदा के पास कार क्रमांक ओडी 17 के 4910 के पलटने से सवार बरगढ़ थाना बरगढ़ ओडिशा निवासी मो. समील (40) की मौत हो गई। कार में सवार मनोज कुमार सिंह (42), चालक भरत पंडा (42) एवं सुनील अग्रवाल (43) गंभीर रुप से घायल हो गए, जिनका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि ये मृतक व घायल सुनील अग्रवाल व मनोज कुमार तीनों घूमने के लिए लद्दाख दिल्ली की ओर गए थे। मंगलवार को फ्लाइट से वापस माना एयरपोर्ट पहुंचे। इससे पहले ओडिशा जाने के लिए चालक को लेकर बरगढ़ निकले। परसदा के पास सड़क पर अचानक मवेशी के आने से हादसा हुआ। बोलेरो की टक्कर से ग्राम भावा थाना पटेवा निवासी अविनाश साहू 8 जून सुबह 9-10 बजे के बीच मरौद से अपने निवास ग्राम भावा के लिए अपनी बाइक से जा रहा था कि फुसेराडीह के पास बोलेरो क्रमांक सीजी 04 एनसी 9531 के चालक ने सामने से टक्कर मार दी।

# स्वामी आत्मानन्द स्कूल में मनाया गया प्रवेश उत्सव

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

स्वामी आत्मानन्द शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल धरमजयगढ़ में आज शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा माता सरस्वती की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की गई।



जिसके बाद शाला में नवप्रवेशी बच्चों को तिलक चन्दन लगा एवं मुंह मीठा कराकर प्रवेश कराया गया, वहीं बच्चों को गणवेश, पुस्तक वितरण किया गया। जिसके बाद छात्र-छात्रा शिक्षक एवं पालकगणों को संबोधित करते हुए बीईओ सिदार ने कहा कि सभी स्कूलों में आज उत्सव मनाया जा रहा है। स्वामी आत्मानन्द स्कूल शासन की ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल है। यहां सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जनपद उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री की अच्छी सोच के कारण आज गरीब व ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ाई कर रहे हैं। इसको आगे बढ़ाने में स्कूल टीम को ईमानदारी



से मेहनत करने की जरूरत है। शाला विकास समिति के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा कि स्कूल टीम एवं पालकों में अच्छी सामंजस्य स्थापित करके इसे आगे बढ़ाना है। बच्चों को और अच्छी सुविधा के साथ शिक्षा मिले इसके लिए प्रयास करेंगे। बता दें पिछले वर्ष ही स्वामी आत्मानन्द स्कूल की स्थापना हुई है। जहां पिछले वर्ष कक्षा पहली से बारहवीं तक संचालित था। इस शिक्षा सत्र में एलकेजी की शुरुआत की गई है। स्वामी आत्मानन्द स्कूल में शिक्षा पूर्णत: नि:शुल्क है।.

# जिला शिक्षा अधिकारी बीएल खरे ने किया स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण

### दो शिक्षकों के वेतन रोकने प्राचार्य को निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर।

जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती अंतर्गत संचालित शालाओं में से शासकीय प्रा शाला दर्राभाठा विकास खण्ड मालखरौदा, पूर्व मा वि नवापारा कला विख सक्ती पूर्व मा शाला कुरदा विख मालखरौदा, हाई स्कूल सुखापाली एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डभरा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण की गई शालाओं में शिक्षकों की उपस्थिति शत् प्रतिशत् रही छात्र छात्राओं की उपस्थिति को लेकर संस्था प्रमुखों को उपस्थिति में सुधार लाने के निर्देश दिये गये। शा हाई स्कूल सुखापाली विख डभरा में दिलीप कुमार सूर्यवंशी एवं बीरबल साहू सहा ग्रेडे 03 की



उपस्थिति मूल संस्था में न होने के कारण वेतन रोकने के निर्देश प्रभारी प्राचार्य को दिये गये। सभी चार विकासखण्डों के विख शिक्षा अधिकारियों से प्राप्त प्रतिवेदन अनुसार सभी संस्थाओं में नि:शुल्क पाठ्यपुस्तक व गणवेश का वितरण कर दिया गया है। आज जिन विद्यालयों का निरीक्षण किया गया वहां पूर्व निर्देश के बाद भी समयसारिणी, पाठ्यक्रमए दैनदन्नी अद्यतन स्थिति में नहीं पाया गया इस कारण संबंधितों को कारण बताओ सूचना जारी की गयी है। सत्र प्रारंभ से ही अध्यापन कार्य व प्रायोगिक कार्य प्रारंभ किए जाने संस्था प्रमुखों को निर्देशित किया गया ।

धन्यवाद मुख्यमंत्री कार्यक्रम एवं जिला स्तरीय शाला प्रवेशत्सव स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल डभरा के परिसर में जनप्रतिनिधिगणों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ जिसमें संस्था के शिक्षक-शिक्षकाएं एवं बच्चे उपस्थित रहकर मुख्यमंत्री का धन्यवाद कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा संस्था के नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर पुस्तकें जिला शिक्षा अधिकारी बी एल खरे एवं अन्य अतिथियों द्वारा वितरित की गई।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in